केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

14 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

मालवा हेराल्ड

सुविचार

गुण अवगुण सभी में विद्यमान होते हैं, यह तो हमारा दृष्टिकोण ही है कि हम देख क्या रहे हैं..।

वर्ष 14 अंक 57 | उज्जैन शनिवार 5 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

न्यूज ब्रीफ

पीएफआई टेरर केस में दायर की सप्लीमेंट्री चार्जशीट बिहार के चार और आरोपियों के नाम सामने आए

पटना/जीएनएस। एनआईए ने पटना के फुलवारीशरीफ पीएफआई मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। एनआईए ने मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) के रहने वाले चार और लोगों को इस केस में आरोपी बनाया है। इनका नाम मोहम्मद तनवीर, आबिद, बिलाल और इरशाद आलम है। इन सभी पर गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त होने, आतंकी ट्रेनिंग कैंप चलाने, हिंसा फैलाने के पीफएआई के एजेंडो को बढ़ाने और हथियार एवं गोला-बारूद इकट्ठा करने के आरोप हैं। जांच में पता चला है कि चारों आरोपी अपने मंसूबों को अंजाम देने के लिए विदेश से भी फंड इकट्ठा कर रहे थे।

राहुल गांधी के सियासी करियर को मिली संजीवनी, स्ष्ट के फैसले से कांग्रेस का जोश हाई, बताया सत्य की जीत

नई दिल्ली/जीएनएस। कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए शुक्रवार का दिन शुभ समाचार लेकर आया। मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी के सियासी करियर को संजीवनी मिल गई है। राहुल को राहत मिलने से कांग्रेस का जोश हाई है और कांग्रेस नेताओं के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। कांग्रेस के नेताओं ने इसे लोकतंत्र की जीत बताते हुए केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे तथा महासचिव प्रियंका गांधी वढेरा सहित पार्टी के कई नेताओं ने शुक्रवार को पार्टी नेता राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए इसे सत्य की जीत बताया। श्री खडगे ने ट्वीट किया कि सत्य की ही जीत होती है। हम श्री गांधी को राहत देने वाले माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं। न्याय मिल गया है। इस न्याय से लोकतंत्र की जीत हुई है और इससे संविधान को बचा लिया गया है।

विदेश में मौत होने पर आसानी से वतन लाए जा सकेंगे पार्थिव शरीर, ऑनलाइन सुविधा शुरू

नई दिल्ली/जीएनएस। विदेशों में प्राण त्याग वाले भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सरकार ने ई. केयर पोर्टल की शुरुआत की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया शुक्रवार को इस पोर्टल की शुरुआत की। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और डा. प्रवीण भारती पवार तथा तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री श्री एम सुब्रमण्यम मौजूद रहे।श्री मांडविया ने कहा कि इससे मानव अवशेषों के परिवहन की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और तेज होगी। प्रो. बघेल ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की दूसरे देश में मृत्यु हो जाती है, तो मृतक के अवशेषों को भारत वापस लाने के लिए बहुत सारी कागजी कार्रवाई और प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है, जिससे परिवार और दोस्त निराश हो जाते हैं। इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझते हुए और न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत का पालन करते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने ये कदम उठाया है।

कोर्ट में पिछले दरवाजे से घुसे पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, खुद को बताया निर्दोष

वाशिंगटन/जीएनएस। पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी कोर्ट में वर्ष 2020 की अपनी चुनावी हार को पलटने की साजिश के मामले में खुद को बेकसूर करार दिया है। एक सुनवाई के दौरान, उन्होंने धीरे से बोलते हुए अपने नाम और उम्र की पुष्टि की और खुद को निर्दोष बताया। बाद में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह मामला एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के उत्पीडन् का है। अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति आपराधिक प्रतिवादी के रूप में चार महीने में तीसरी बार कोर्ट में पेश हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप ने वाशिंगटन अदालत के पिछले दरवाजे से प्रवेश किया, जो यूएस कैपिटल दंगों की साइट से कुछ ही दूरी पर स्थित है। छह जनवरी 2021 को ट्रंप समर्थकों ने अमेरीकी कांग्रेस पर हमला बोला था। अदालत में ट्रंप मामले की जांच का नेतृत्व कर रहे स्पेशल काउंसिल जैक स्मिथ के साथ नजरें मिला रहे थे। कोर्ट में पेश होने के लिए ट्रंप न्यू जर्सी स्थित अपने आवास से अपने निजी विमान में सवार होकर वॉशिंगटन पहुंचे थे। अभियोग में ट्रंप पर चार आरोप लगाए गए हें।

त्रुटी सुधार

त्रुटी वश दिनांक 4 अगस्त 2023 में अंक नं. 55चला गया है। उसे 55 न पढ़कर 56 पढ़ा जाए।

प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए सीएम जनसेवा मित्र रचेंगे नया इतिहास - मुख्यमंत्री चौहान

अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने की कोशिश करें जनसेवा मित्र >>मुख्यमंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूटकैंप बैच-2 को किया संबोधित

भोपाल /दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छह महीने पहले जिन बेटे-बेटियों का चयन मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में किया गया था, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। ये सभी युवा इतिहास रचेंगे। स्वामी विवेकानंद कहते थे तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, तुम अनंत शक्तियों का भंडार हो। दुनिया में हर काम आप कर सकते हैं। युवा प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए नया इतिहास रचने में सहयोग करें। जो काम आपको मिला है, वह अपने आप को तराशने और बनाने और सीखने का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से करें। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने की कोशिश करें। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं में भरपूर सहयोग करें। मुख्यमंत्री0 चौहान आज लाल परेड ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूट कैंप बैच-2 में सीएम जनसेवा मित्रों को संबोधित कर रहे थे। प्रारंभ में मुख्यमंत्री0 चौहान ने पुष्प-वर्षा कर युवाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री0 अरविंद सिंह भदौरिया, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष सचिन चतुर्वेदी, सीईओ राघवेन्द्र कुमार सिंह, लोकेश शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

लोगों की सेवा भगवान की पूजा मानकर करें, तो आनंद की प्राप्ति होगी

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आप मेरी आँख और कान हैं। आपको जो ग्राम पंचायत कार्य करने के लिए दी गई हैं, उस पंचायत में लगातार भ्रमण करें। सभी से विनम्रता से बात कर योजनाओं के बारे में समझाइश दें। कार्य को पूरा करने के लिए दिल में तड़प रखकर बेहतर प्रयास करें। कार्य करने के पीछे सकारात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए। लोगों की सेवा भगवान की पूजा मानकर करें, तो आनंद की प्राप्ति होगी।

देश-दुनिया के राज्यों में मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना है

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में एक समय सड़कों की हालत खराब थी। बिजली भी बहुत कम आती थी। पीने के पानी, सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं थी। म.प्र. बीमारू राज्य था। आज प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपये से बढ़कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। बिजली का उत्पादन 2900 मेगावॉट से बढ़कर 28 हजार मेगावॉट हो गया है। लगभग 47 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था हो गई है। सड़कों की स्थिति में सुधार हुआ है। प्रदेश का बजट भी बढ़ा है। हम सीएम राइज स्कूल बना रहे हैं। मध्यप्रदेश को आगे ले जाना है। देश-दुनिया के राज्यों में मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाना है।

मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ 13 अगस्त को

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा और विदेश में अध्ययन की फीस राज्य सरकार भरवा रही है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना का शुभारंभ 13 अगस्त को होगा। युवाओं को काम सीखने के दौरान 8 हजार रूपये प्रतिमाह भी दिए जाएँगे। यह इंटर्नशिप योजना आपको कई अनुभव सिखायेगी। प्रदेश में बेटा और बेटियों का भेदभाव समाप्त करने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। बेटियों के हित में कई कदम उठाए गए हैं। बहनों के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई गई है।

मध्यप्रदेश को आगे ले जाने में युवाओं का मिले पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सीएम जनसेवा मित्र सभी योजनाएँ लागू करवाने में मदद करें। सीएम जनसेवा अभियान में लोगों की सेवा करके उनकी जिंदगी बदलना है। आप लोगों की जिंदगी बेहतर बनाओ, आपकी जिंदगी बनाने का काम हम करेंगे। मुझे आप पर पूरा विश्वास है। मध्यप्रदेश को आगे ले जाने में आपका पूरा सहयोग मिले। आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

युवा ही देश का निर्माण करते हैं - मंत्री भदौरिया

सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में सुशासन के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। युवाओं को काम देने का कार्य किया जा रहा है। युवाओं के लिए सीएम जनसेवा अभियान से जोड़कर उन्हें लोगों की सेवा का बड़ा काम दिया गया है। युवा ही देश का निर्माण करते हैं।

सीएम फेलोज़ को उपलब्ध कराई जायेंगी गाड़ियाँ

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि सीएम फेलोज़ को लोगों के बीच पहुँचने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था की जाएगी, जिससे वे आसानी से अपने दौरे कर सकें। मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को ऑनलाइन कार्य के लिए 200 रूपये का मोबाइल डाटा पैक डलवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री चौहान ने युवाओं के सवालों के दिए जवाब

मुख्यमंत्री चौहान से पाँच जनसेवा मित्रों ने संवाद करते हुए सवाल पूछे। मुख्यमंत्री चौहान से सहजता से सवालों के जवाब दिए। इंदौर के जन सेवा मित्र कु. रितिका चौहान ने पूछा कि आपके मन में बेरोजगारी भत्ता देने का विचार क्यों नहीं आया? इस पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हम युवाओं को घोंसला नहीं पंख देने का कार्य कर रहे हैं, जिससे वे ऊँची उड़ान भर सकें। इसीलिए प्रदेश में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना शुरू की गई है। मंडला की कु. उर्वशी राय ने सवाल किया कि आपका अपनी इतनी व्यवस्तताओं के बीच तनावमुक्त रहने का मंत्र क्या है? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि तनावमुक्त रहने के लिए योगा और मेडिटेशन बहुत आवश्यक है। साथ ही आप अपना काम करते रहें, फल की इच्छा नहीं करें, तो तनावमुक्त रहा जा सकता है। सतना जिले के युवा अमर भारती पटेल ने पूछा कि जब आप पहली बार मुख्यमंत्री बने, तब आपके सामने कौन-कौन सी चुनौतियाँ थीं ? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री बना तब प्रदेश में बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल, स्कूल, सिंचाई और रोजगार के साधन का अभाव था। अब इन सभी बुनियादी सुविधाओं का इंतजाम करते हुए मध्यप्रदेश आगे बढ़ा और आत्मनिर्भर बना है। रतलाम की कु. तनीषा चोपड़ा ने सवाल किया कि युवावस्था में आपके प्रेरणा-स्त्रोत कौन थे? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि मेरे प्रेरणा-स्त्रोत स्वामी विवेकानंद, भगवत गीता, श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। गुना जिले के ऋषभ रघुवंशी ने पूछा कि आप अपने विभिन्न कार्यक्रमों में इतनी व्यस्तता के बीच मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों से जरूर मिलते हैं, आपके इस विनम्र स्वभाव से हम क्या सीख सकते हैं? मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि व्यस्तता चाहे जितनी भी हो, आप समय निकाल सकते हैं।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने युवाओं के साथ गाया गीत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसेवा मित्रों के कार्यक्रम में युवाओं के बीच पहुँचकर ओ नदिया चले, चले रे धारा-चंदा चले चले रे तारा तुझको चलना होगा गीत युवाओं और कलाकारों के साथ गाया। जन सेवा मित्रों ने पर्यावरण पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वी.सी. के माध्यम से अशोकनगर, खण्डवा, जबलपुर, विदिशा से जुड़े जन सेवा मित्रों के परिजनों से बातचीत की। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की पुस्तक 'अग्रसर' का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पाँच जन-सेवा मित्रों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए।

एनआईए का कड़ा एक्शन; कश्मीर में खंगाले ठिकाने, आतंकी साजिश मामले में पांच जगहों पर छापामारी

श्रीनगर/जीएनएस। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साजिश मामले में शुक्रवार को कश्मीर में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये छापामारी घाटी के कई जिलों में चली। उन्होंने कहा कि छापामारी जम्मू में 2022 में दर्ज एक आतंकी साजिश मामले की चल रही जांच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरसी 5/2022/जेएमयू में पांच स्थानों पर तलाशी चली। यह मामला भौतिक और साइबरस्पेस दोनों में एक साजिश रचने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर में चिपचिपे बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ ड्क्षहसक आतंकवादी हमले करने की योजना से संबंधित है। ये योजनाएं इन आतंकवादी संगठनों द्वारा स्थानीय युवाओं और भूमिगत कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाडने् के लिए आतंक और ड्क्षहसा के कृत्यों को अंजाम देने की एक बड़ी साजिश की हिस्सा हैं।

लोकसभा में सेना से जुड़ा बिल पास, राजनाथ सिंह ने छोड़ी आगे की कुर्सी, यहां पेश किया विधेयक

गुस्साए राजनाथ सिंह ने छोड़ दी सदन में आगे की कुर्सी, पीछे जाकर पेश किया विधेयक

नई दिल्ली/जीएनएस। लोकसभा में कार्यवाही से ज्यादा हंगामा शुक्रवार को भी हुआ। नतीजा यह हुआ कि सेना से जुड़ा बिल पेश करने पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नाराज हो गए। उन्होंने आगे की कुर्सी छोडक़र पीछे जाने का फैसला किया। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच दि इंटर सर्विसेज आर्गेनाइजेशन (कमांड कंट्रोल एंड डिसिपलिन) विधेयक 2023 और भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2023 ध्वनिमत से पारित किए गए। इससे पहले लोकसभा में बिल पर बात रखने की तैयारी कर रहे श्री सिंह बोलने ही वाले थे कि विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। नौबत यहां तक आ गई कि सांसद वेल में आकर हंगामा करने लगे। इसी बीच, रक्षा मंत्री से जब बिल पेश करने के लिए कहा, तो उन्होंने स्पीकर से पीछे जाने की अनुमति मांग ली। श्री सिंह ने कहा कि महोदय हमारे सामने ही शोर शराबा हो रहा है, अगर इजाजत दें, तो पीछे जाकर अपनी बात कह लूं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि महोदय ऐसी स्थिति में मेरी तरफ से विचार किया जाना संभव नहीं है, मैं यहां नहीं बोल सकता हूं। उन्होंने डिप्टी स्पीकर राजेंद्र अग्रवाल से पीछे जाकर बोलने की अनुमति मांगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दि इंटर सर्विसेज आर्गेनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिपलिन) विधेयक 2023 को पेश करते हुए कहा कि यह सेना के तीनों सेवाओं में अनुशासन बनाने में मददगार होगा। कमांडिंग ऑफिसर या कमांडिंग इन चीफ तीनों सेनाओं के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकते हैं। इसके बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2023 पेश किया, जिसे भी ध्वनिमत से पास कर दिया गया।

कई सांसदों ने दी सीट, लेकिन नहीं माने रक्षा मंत्री

कुर्सी छोडक़र पीछे की ओर बढ़ चले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कई सांसदों की ओर से गद्दी की पेशकश की गई, लेकिन उन्होंने पीछे जाकर अपनी बात को रखना शुरू कर दिया। इस दौरान उपसभापति ने भी सांसदों के हंगामे की निंदा की और कहा कि मंत्री को पीछे जाकर बोलना पड़े यह अच्छी बात नहीं है।

शोर-शराबे के बची राज्यसभा दिन भर के लिए स्थगित

राज्यसभा में शुक्रवार को सत्ता पक्ष के सदस्यों ने जहां राजस्थान की स्थिति तो, वहीं विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की जोरदार तरीके से मांग की, जिसके कारण हुए हंगामे के चलते एक बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी।



कलेक्टर द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बड़ी थेथम विकासखंड थांदला का निरीक्षण किया गया

झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बड़ी थेथम विकासखंड थांदला का निरीक्षण किया गया।सुश्री हुड्डा द्वारा प्राथमिक विद्यालय के बच्चो से हिंदी के अक्षर पढवाए गए एवं चित्र दिखाकर उसका अर्थ पूछा गया।

बच्चो को अध्याय के अनुसार खेती बारे में जानकरी प्राप्त की गई एवं बच्चो से पूछा कि कोनसी खाद का प्रयोग खेती के लिए करते हो एवं अपने मवेशियों को बाहरी जानवर से किस प्रकार बचाते हो, सभी बच्चो द्वारा बताया गया कि गोबर की खाद का प्रयोग करते है एवं मवेशियों को घर के अंदर रखते है। कलेक्टर ने बच्चो को अंग्रेजी की पुस्तक का वाचन करवाकर उसका हिंदी अनुवाद समझाया एवं अंग्रेजी पढने के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ पर्यावरण के सम्बन्ध में बताया गया । बिना सूचित किए शिक्षक के अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त कर कारण बताओ सुचना पत्र जारी कर एक वेतनवृद्धि रोकी गई। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थान्दला तरुण जैन, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर द्वारा शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए

झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा विकासखण्ड थान्दला की ग्राम पंचायत काकनवानी एवं गोरिया खादन में मुख्यमंत्री लाडली बहाना योजना अंतर्गत आयोजित कैंप का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सुश्री हुड्डा द्वारा कैम्प में आवेदन भर रहे कर्मचारियों से आवेदन पत्रों की स्थिति की जानकारी ली गई एवं शत-प्रतिशत महिलाओ की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए। कर्मचारियों द्वारा बताया गया, अभी तक 18 ई-केवाईसी किये जा चुके है। सुश्री हुड्डा द्वारा यहाँ उपस्थित महिलाओ से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की राशि किस प्रकार उपयोग में ले रही है इस विषय में चर्चा कर राशि का उपयोग स्वयं का रोजगार प्रारंभ करने के लिए प्रेरित किया।

ग्राम परवलिया के कृषक द्वारा जैविक खाद के माध्यम से खेती की जा रही है

झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा विकासखण्ड थान्दला के ग्राम परवलिया में कृषक आशीष पिता ओमप्रकाश पाटीदार से बातचीत की गई। कृषक द्वारा बताया गया कि वह 2 सालो से ड्रिप इरिंगेशन के माध्यम से खेती कर रहे है। कृषक द्वारा ज्वार, सोयाबीन एवं मक्का की फसल लगाई जाती है। ढाई बिगा में सोयाबीन एवं 2 बीगा में मक्का लगाई गई है।

सुश्री हुड्डा द्वारा फलदार एवं विभिन्न सब्जियों की खेती के बारे में पूछे जाने पर कृषक ने बताया कि फलों में आम एवं चीकू की खेती की जाती है एवं इनसे बहुत अच्छे फल प्राप्त हो रहे है, इसी के साथ सब्जी में अभी टमाटर एवं मिर्ची की खेती की जा रही है, जो की अच्छी हो रही है। कृषक द्वारा विभिन्न प्रकार के बीज रतलाम से लाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि बारिश से फसल को कोई नुकसान नही पहुच रहा है एवं पानी पर्याप्त मात्रा में फसलो को मिल रहा है, इसी के साथ वे खेती में जैविक खाद का ही उपयोग कर रहे है, एक स्थान पर कृषक ने वर्मी बनाकर रखा है जिसे समय-समय पर जैविक खाद मिलाया जाता है। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा ने कृषक द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा कर जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थान्दला तरुण जैन, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गडवाड़ा के नवीन भवन का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली

झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गडवाड़ा के नवीन भवन का आकस्मिक निरीक्षण कर क्लास रूम, लैब, पुस्तकालय एवं परीक्षा कक्ष की व्यवस्था देखी। कॉलेज में 10 क्लास रूम, 32 लेब, 11 फेकल्टी रूम, 04 एचओडी रूम, 03 सेमिनार हॉल, 02 ट्युटोरियल रूम, 1 ड्राइंग हॉल, 01 पुस्तकालय, 01 रीडिंग एरिया, 03 स्टोर रूम, 01 रिकॉर्ड रूम, 03 स्टाफ रूम, 01 ऑडिटोरियम रूम, 01 परीक्षा कक्ष, 01 वर्क कक्ष, 01 कंप्यूटर रूम, 01 गर्ल्स कॉमन रूम हैं। परिसर में गड्ढों में पानी भरा हुआ था जिसे भरने को कहा गया। साथ ही रैन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में भी पूछा गया। यहां दीवारों में दरारें नजर आने पर जांच के निर्देश दिए। इसी के साथ परिसर में लाइटिंग की व्यवस्था करने को कहा गया।

आर्यन के विशेष बच्चों ने किया एडवांस योग का प्रदर्शन

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम के परोक्ष समाजसेवी मास्टर अंकित गोयल के 39वें जयन्ती पर्व पर 39 दिवसीय 32वें वर्षा मंगल महोत्सव ''अंकितग्राम वर्षा मंगल राष्ट्रोत्सव'' पर पद्मश्री डॉ. एच.आर. नागेन्द्र कुलाधिपति एस. व्यासा विश्वविद्यालय, बैंगलूरू एवम् संस्थापक स्वामी विवेकानन्द योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलूरू, अरविन्द चंजेरी संस्था उपाध्यक्ष एवं सदस्य एकेडमीक कांउसिल एस व्यासा विश्वविद्यालय, बैंगलूरू के साथ डॉ. विक्रांत सिंह तोमर ग्लोबल कन्वेनर ऑफ युनाईटेड कांश्यसनेस एवं इंटरनेशनल काआर्डिनेटर वसुधेव कुटुम्बकम् सिविल 20 फॉर जी 20 ने सुधीर भाई के साथ नीम का पौधारोपण किया। आश्रम के मुख्य द्वार पर सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ''भाईजी'', श्रीमती कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी दीदी सहित आश्रम के नन्हे-मुन्हे दिव्यांग एवं विशेष बच्चों ने सदुरू बैण्ड के माध्यम से भव्य स्वागत किया।

कांग्रेस में इतना दम नहीं कि वह भाजपा को चुनाव हरा सके -कैलाश विजयवर्गीय

बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।भाजपा देश के विकास के लिये कार्य कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई सराहनीय फैसले लिये गये हैं आने वाले दिनों में प्रदेश में विधानसभा चुनाव है, बड़नगर क्षेत्र हमारा मजबूत क्षेत्र है कांग्रेस में इतना दम नहीं कि वह भाजपा को चुनाव हरा सके किन्हीं कारणों से हम यहां चुनाव हारे हैं किन्तु इन गलतियों को दोबारा दोहराई नहीं जाएगी ।

यह बात भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्थानीय शांति वाटिका में कही । इस दौरान आपने कार्यकर्ताओं से जन-जन तक केंद्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का आह्वान किया और कहा कि कोई भी हितग्राही इन योजनाओं से वंचित नहीं रह पाए साथ ही मध्य प्रदेश की शिवराजसिंह चौहान की सरकार की अनेकों जनहितेषी को कार्यकर्ताओ के सम्मुख रखकर प्रदेश शासन की लाड़ली बहना योजना को भी बताया और भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को जीत का मंत्र भी दिया।

कार्यकर्ता सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया तत्पश्चात् दीप प्रज्वलन कर

कार्यक्रम की शुरुआत की। स्वागत श्याम शर्मा अध्यक्ष भाजपा नगर, कुलदीप बना, अजय यादव, इंद्रपाल पंड्या सहित जिले के पदाधिकारियों ने साफा बंद कर किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक पोरवाल , विनोद शर्मा जिला भाजपा प्रभारी, बहादुरसिंह बोरमुंडला ने भी संबोधित किया। संचालन हरिकिशन मेलवाणी ने किया व आभार नगर भाजपा अध्यक्ष श्याम शर्मा ने माना। इसके पूर्व कैलाश विजयवर्गीय के चौथी बार भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर हजारों कार्यकर्ताओ ने नगर प्रवेश के दौरान स्वागत किया।

यह भी थे उपस्थित–कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक शांतिलाल धाबाई, मुकेश पंड्या, जिला पंचायत अध्यक्ष कमलाकुँवर अंतरसिंह देवड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, जनपद अध्यक्ष निर्मला उमरावसिंह राठौड़, कन्हसिंह राठौर , सुकमाल जैन, जिला महामंत्री गणपत डाबी, जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा, तेजसिंह राठौर, जिला मंत्री जयप्रकाश त्रिवेदी, रेखा राठौड़, राजपालसिंह राठौड़, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता वर्मा , जनपद उपाध्यक्ष अजबसिंह देवड़ा, कृष्णचंद यादव, रामप्रसाद पंड्या, मांगीलाल मोहरी, उषा सोनी, विजय चौधरी, सोहन गुजर, आदि उपस्थित थे ।

यादवोत्थान समिति मालवांचल की वार्षिक बैठक संपन्न

बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड। गत दिवस यादवोत्थान समिति मालवांचल बड़नगर की बैठक डायवर्शन रोड स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा की गई । जिसमें भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन करना, प्रतिवर्ष होने वाले सामूहिक विवाह का आयोजन, रेजांगला दिवस पर वाहन यात्रा निकालना आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष रामेश्वर बाबा जलोदिया, महासचिव गिरिराज यादव बड़नगर, कोषाध्यक्ष प्रवीण यादव मेडिकल, शंकरलाल वागल सर पीपलू, गेंदालाल यादव, एड. मथुरालाल यादव, रामचन्द्र जोहरी (जलोदिया), मोहनलाल सर, यशवंत मुकाती (विलोदा धार), पूर्व अध्यक्ष प्रकाश भाकर (अजंदा), पूनमचंद कोदिया पीपलू, अनोखीलाल वागल (खाचरोदा), शांतिलाल सर, गोपाल लोहाना, राधेश्याम यादव खेड़ावदा, ओमप्रकाश वागल एल.आई.सी., रामचंद्र यादव, रामेश्वर झड़, सुनील यादव असावता, लालू कौदीया, पीपलू, सुरेश ओढ़ लोहाना, शांतिलाल भांकर, मोहन झड़ दांगी खेड़ी आदि उपस्थित थे। उक्त जानकीलाल जी भाकर आजंदा ने दी। आशारामजी बराडिया राजेश जी वागल मनासा शंकर लाल जी यादव उपसरपंच प्रवेश जी वर खरसोद कला राधेश्याम जी औड़ कुंड वाला बनवारीलालजी झड़ सुरेशजी वर सलवा कृष्ण पाल जी गारीयां मोहनलाल जी औड़ अमला धर्मेंद्र राबड़ बंग्रेड मनोज यादव बड़नगर संतोष यादव रामू यादव चौधरी कॉलोनी राहुल पीपाड़ा महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती सरिता राजेंद्र यादव बीरगोदा रणधीर एवम समाज के सम्माननिय सदस्य उपस्थित थे।

अमझेरा बीएलओ कर रहे मतदाताओ को जागरूक

निर्वाचन नामावली का वाचन कर मतदाताओ को दिलाई गई शपथ

अमझेरा/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड। अमझेरा – जनशिक्षा केन्द्र अमझेरा में संकुल अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु स्थापित मतदान केन्द्रों के समस्त बूथ लेवल ऑफिसरों द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को शपथ दिलाई गई साथ ही निर्वाचन नामावली का वाचन किया गया सरदारपुर एसडीएम राहुल चौहान द्वारा समस्त बीएलओ सुपरवाईज़रों की बैठक ली गई थी जिसमे निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कार्य मतदाताओं की उपस्थिति में किये जाने हेतु, 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने आदि कार्य समस्त बीएलओ को घर-घर जाकर करने हेतु 31 अगस्त तक

उक्त कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके तहत जनशिक्षा केन्द्र अमझेरा में सेक्टर अधिकारी रूपसिंह मुवेल, निगवाल साहब, संकुल प्राचार्य आर पी दोहरे, बीएलओ सुपरवाईज़र सुशील खंडेलवाल और कैलाशचंद्र बघेल की उपस्तिथि में समस्त बीएलओ सहजाद अली, प्रवीण पंचोली, सदाकत खान, सुधीर सूर्यवंशी, हरिसिंह हटीला, पवन परिहार, गोविन्द हामड, धीरज चौहान, गेंदालाल कामलिया आदि बीएलओ द्वारा मतदाताओ को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

शहिदो को समर्पित होगी लाडली बहना राष्ट्रधर्म तिरंगा कावड़ यात्रा

(12 ज्योर्तिलिंग और चार तीर्थ स्थलों के पवित्र जल से होगा भगवान शिव का अभिषेक)

धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हैराल्ड ।आजादी के 76 साल पूर्ण होने और सावन सोमवार और पुरुषोत्तम मास के पुण्य अवसर पर 12 ज्योतिर्लिंग ,चार तीर्थ और पवित्र नदियों के जल की कावड़ यात्रा निकालकर धार विधानसभा के 76 स्थानों से 100000 से अधिक श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। यह यात्रा देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को समर्पित की गई है।

विस्तृत जानकारी देते हुए लाडली बहना राष्ट्र धर्म तिरंगा कावड़ यात्रा के आयोजक राजीव यादव ने बताया कि संपूर्ण धार विधानसभा के धार, पिथमपुर नगरपालिका क्षेत्र तथा घाटाबिल्लोद ,दिगठान, सागौर ,तिरला के ग्रामीण अंचलों में ग्राम पंचायत स्तर तक यह यात्रा 7 अगस्त सावन सोमवार को निकाली जा रही है। इस हेतु 3000 कार्यकर्ताओं की टोली घर घर संपर्क कर रही है और एक

लाख कलश का वितरण कर रही है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में श्रद्धालु भक्तों की, मातृशक्ति की और युवाओं की बैठकों का क्रम जारी है।

धार नगर का मुख्य आयोजन श्री धारेश्वर मंदिर पर और पीथमपुर का मुख्य आयोजन श्री बोकनेश्वर महादेव मंदिर पर होगा। इसके लिए विभिन्न समितियों का गठन कर लाडली बहनों को भी जिम्मेदारियां दी गई है। साथ ही पूरे क्षेत्र में देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत इस अनूठे आयोजन की व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

राजीव यादव ने कहा कि यह पहला अवसर होगा कि एक ही दिन में इतने स्थानों से इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एक ही आयोजक के आह्वान पर कावड़ यात्रा निकालेंगे। इस हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्डस की टीम से भी संपर्क किया गया है और वर्ल्ड रिकॉर्ड हेतु दावा भी प्रस्तुत किया गया है।

पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक करण सिंह पवार, पूर्व जिला अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, वरिष्ठ हिंदू नेता निर्भय सिंह पटेल ,नगर पालिका पीतमपुर के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, धार नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा महेश बोढाने ,पीतमपुर के वरिष्ठ नेता अशोक पटेल ,विजय रघुवंशी,पूर्व मंडी अध्यक्ष अंतर सिंह नागर, तिरला के वरिष्ठ नेता रामकिशन पाटीदार ,आसाराम पाटीदार ,वीरेंद्र पाटीदार,राजाराम मुकाती, राजेश जैन,प्रशांत ठाकरे, सनी रिन,मनोज ठाकुर,महेश बोड़ाने,रवि मेहता, नपा उपाध्यक्ष मयंक महाले,संजय मकवाना,श्रीमती अनीता महाले, पार्षद श्रीमती सुमित्रा मकवाना , पार्षद श्रीमती पूजा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

सार समाचार

कलेक्टर द्वारा कृषक द्वारा की जा रही जैविक खेती की प्रशंसा की गई

झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा ग्राम सूतरेटी विकासखण्ड थांदला में कार्तिक जैव आदान निर्माण केंद्र एवं उनके बगीचे का निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा बताया गया की 12 बीगा रकबा में बालोर अरबी एवं कुछ मात्रा में लोकी की सब्जी लगाई गई है एवं करेले की सब्जी लगाना है। अब बड़े स्तर पर कडकनाथ मुर्गी पालन की तैयारी भी की जा रही है इसके बाद मछली पालन भी किया जाएगा। कडकनाथ का जो बीट प्राप्त होगा उसका खाद के रूप में उपयोग किया जाएगा। कृषक द्वारा विस्तृत रूप से खाद के बारे में जानकारी दी गई। कृषक का परिवार जैविक खाद का ही उपयोग करता है एवं कृषक द्वारा अन्य लोगो को भी जैविक खाद की ट्रेनिंग भी दी जा रही है एवं लोगो को जैविक खाद के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। कृषक का कहना है कि, रासायनिक खाद से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है एवं कई बिमारिया जैसे डाईबीटीज, ब्लड प्रेशर होने की सम्भावना रहती है, इसलिए कृषक द्वारा जैविक खाद का उपयोग किया जाता है। अभी कृषक के पास 1000 लीटर खाद तैयार हो रहा है, लोगो की जरुरत के हिसाब से तैयार कर के निशुल्क बेचा जाता है। कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा कृषक की प्रशंसा की गई एवं अन्य लोगो को भी इसके बारे में बताने को कहा गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थान्दला तरुण जैन, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उन्हेल प्रेस क्लब को मिला सम्मान

उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड। उन्हेल प्रेस क्लब अध्यक्ष निर्मल सोलंकी सहित पूरी टीम का उदयपुर में सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विक्रम सेन भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत सरकार के ब्रांड एंबेसडर श्रम मंत्रालय प्रभारी केके गुप्ता एवं भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशोर दग्दी के सानिध्य में संपन्न हुआ जिसमें देश भर से 500 से ज्यादा पत्रकार सम्मिलित हुए हैं जो कि राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक झीलों की नगरी उदयपुर में रखी गई थी।

कलेक्टर द्वारा दिलीप क्लब एवं पुस्तकालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया

झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा विकासखण्ड झाबुआ के जेल चौराहे के समीप स्थित दिलीप क्लब का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। सुश्री हुड्डा द्वारा निरीक्षण के दौरान दिलीप क्लब पर साफ सफाई, प्रकाश की उचित व्यवस्था कराने के साथ ही यहां पर संचालित हो रहे रेलवे के ऑफिस को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के परिसर में शिफ्ट करने का कहा। नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई कर परिसर में रखे मल्बे को हटा कर परिसर को समतल किया गया। इसी के साथ शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। सुश्री हुड्डा द्वारा पुस्तको की सूची बनाकर व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए, जिससे पाठक को पुस्तक खोजने में असुविधा न हो, यहाँ पर बैठक व्यवस्था सुधारने, पुस्तकालय को दीवारों पर रंगाई, प्रकाश की उचित व्यवस्था एवं साफ-सफाई रखने को कहा गया। समय पर खोलने एवं शाम तक खुला रखने के निर्देश दिए, जिससे पाठक अपनी सुविधानुसार आकर पढ़ सके। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरिशंकर विश्वकर्मा, ईई पीडब्ल्यूडी अरीर अहमद गौरी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

रामदेवरा पद यात्रियों का किया स्वागत

कृषि मंडी शेड में ठहरा कर कुशल क्षेम पूछी!

पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। नरसिंहगढ़ तथा सुठालिया क्षेत्र से पैदल राजस्थान रामदेवरा दर्शन करने पदयात्रा करते हुए जा रहे लगभग 200 यात्रियों का स्थानीय मंडी चौराहे पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीताराम लहरी तथा नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित बंसल ने स्वागत सम्मान किया! श्री लहरी एवं श्री बंसल के अनुसार यात्री कहीं ठहरने की व्यवस्था देख रहे थे तथा परेशान हो रहे थे तो हमने उनसे मुलाकात की और उनका सम्मान कर उन्हें मंडी में ठहराने की व्यवस्था की! यात्रियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि हमें यहां पर अच्छा इंतजाम मिला हम पचोर नगर की जनता और नेताओं को धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने हमारा ख्याल रखा ! यात्रियों के अनुसार वह राजस्थान रामदेवरा पैदल यात्रा कर उनके दर्शन कर देश प्रदेश राष्ट की खुशहाली एवं सुख शांति की कामना के लिए जा रहे हैं!

नवदिवसीय सुदर्शन शतक अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। भगवान तिरूपतिधाम हनुमान बाग के सामने बड़नगर रोड़ पर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू स्वामी श्री रामानुजाचार्य स्वामी श्रीश्री कांताचार्य महाराज के सानिध्य में पुरषोत्तम मास में नवदिवसीय सुदर्शन शतक अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज शनिवार 5 अगस्त को शाम 5 बजे तिरूपतिधाम में होगी। श्याम सिकरवार, दिनेश सुखनंदन जोशी, विजय बांगड़, पं. मनोज तिवारी, जियालाल शर्मा, ओमप्रकाश बियाणी ने धर्मप्राण जनता से अनुष्ठान में भाग लेने का अनुरोध किया है।

पूर्व कैबिनेट मंत्री नगर कांग्रेस अध्यक्ष के शप्त समारोह में शरीक हुए, सज्जन वर्मा ने मंच से बीजेपी पर साधा निशाना

राजकुमार अहीर के मार्गदर्शन में हजारों कार्यकर्ता शप्त समारोह में पहुंचे, सभी ने कांग्रेस को जिताने का संकल्प लिया›› राहुल गांधी की सजा पर लगी रोक, राजकुमार अहीर मित्र मंडल ने आतिशबाजी की, कार्यकर्ताओ में खुशी का माहोल

सिंगोली। (सतीश सैन)/ देनिक मालवा हेराल्ड। जावद नगर कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अरविंद धाकड़ (बग्गड़) के शप्त समारोह एवम कार्यकर्ता सम्मेलन में मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवम सोनकच विधायक सज्जन सिंह वर्मा शुक्रवार को जावद पधारे। सर्वप्रथम राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिला उपाध्यक्ष प्रह्लाद धाकड़, जिला उपाध्यक्ष सलीम सरवारी, नगर अध्यक्ष अरविंद धाकड़, पूर्व जिला महामंत्री कैलाश गुप्ता, बेरोजगार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष हनी तोतला ने सज्जन सिंह वर्मा एवम जावद विधानसभा के लोकप्रिय नेता राजकुमार अहीर का बड़ी माला के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान न्यूज पर खबर मिली की ÷राहुल गांधी की सजा पर कोर्ट ने रोक लगाई और सांसदी भी बहाल होगी, पूर्व मिलेगा दिल्ली में बंगला÷ यह खबर मिलते ही सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर व्यापत हुई। राजकुमार अहीर मित्र मंडल में सभा स्थल चौराहे पर आतिशबाजी कर इस फैसले का स्वागत किया और कहा की मोहब्बत की दुकान जो राहुल जी ने पूरे भारत में खोली हैं उसी से हम देश में नफरत खत्म करेंगे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सोनकच्छ विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एवं मोदी की टीम ने राहुल गांधी जी को घेरने की कोशिश की थी उन पर एवं उनके परिवार पर अशोभनीय टिप्पणियां की जाती है, लेकिन गांधी परिवार कभी भी द्वेषता की राजनीति नहीं करते हैं। मोदी नाम को लेकर दिए गए बयान से राहुल गांधी जी को घेरने की नाकाम कोशिश की गई। उन्हें सांसद पद से हटाया गया, उनका बंगला भी खाली करवाया गया। राहुल गांधी जी ने एवं समस्त कांग्रेसजनों ने इस लड़ाई को लड़ा। राहुल गांधी जी ने कहा कि मुझे न्याय पालिका पर पूरा भरोसा है जिसका फल आज मिला और राहुल गांधी जी पर लगे आरोपों पर कोर्ट ने रोक लगाई तथा कहा कि गुजरात कोर्ट ने फैसला देने में काफी जल्दी की।

भाजपा एवं मोदी राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा से परेशान हो चुके थे, क्योंकि पदयात्रा में राहुल जी के साथ हजारों-लाखो लोग लगातार यात्रा कर रहे थे उनके पीछे हजारों लोगों का काफिला चलता रहा और इस यात्रा की सफलता से हमें कर्नाटक चुनाव में जीत मिली। आने वाले चुनाव में भी हमें पूर्ण बहुमत मिलेगा और पांचो राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

श्री वर्मा भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की जनता इस भ्रष्ट सरकार से परेशान हो चुकी है। भाजपा की सभाओं में मेरी भीड़ एकत्रित नहीं हो पा रही है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं यहां पर भ्रष्ट भाजपा को उखाड़ फेकना है और माननीय कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनना है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद धाकड़ को बधाई देते हुए श्री वर्मा ने कहा कि यह नई जिम्मेदारी अरविंद के कंधों पर डाली गई है इसे ईमानदारी से निभाए और आने वाले चुनाव में यहां से कांग्रेस प्रत्याशी को जीता कर भोपाल भेजें। नगर अध्यक्ष श्री धाकड़ ने कहां की हमेशा संगठन के पदाधिकारीयो को साथ लेकर चलूंगा और कांग्रेस कांग्रेस की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाऊंगा।

राजकुमार अहीर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे बीच में पूर्व कबीना मंत्री सज्जन सिंह वर्मा हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऊर्जा देने आए हैं, मैं उनका स्वागत करता हूं। यहां पर कार्यकर्ताओं की भीड़ बता रही है की जावद विधानसभा से भाजपा की विदाई है। जनता ने अब कांग्रेस की सरकार बनाने का पूरा मन बना लिया है। श्री ने आगे कहा कि कमलनाथ जी की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं और 15 माह की सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताएं। क्षेत्र के भाजपा के मंत्री जनता को लूटने का कार्य कर रहे हैं, चुनाव से पूर्व जो भी वादे किए थे वह पूरे नहीं किए। क्षेत्र में कोई भी उद्योग नहीं लगा पाए, जबकि मंत्री जी तो स्वयं लघु उद्योग मंत्रालय देखते हैं। मंत्री जी के चेले चपाटे अपनी जेब भरने में लगे हैं। जनता को फर्जी नियम बता कर परेशान कर रहे हैं। अब समय आ गया है इस भ्रष्ट भाजपा को उखाड़ फेंकना है और मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाकर मुख्यमंत्री कमलनाथ जी को बनाना है।

इस अवसर पर जावद विधानसभा के नेता राजकुमार अहीर, सिंगोली ब्लॉक अध्यक्ष मनीष जैन, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद धाकड़ (बग्गड़), पार्षद प्रतिनिधि एवम जिला उपाध्यक्ष प्रह्लाद धाकड़, जिला उपाध्यक्ष सलीम सरवारी, पूर्व जिला महामंत्री कैलाश गुप्ता, हनी तोतला (माहेश्वरी), पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश अहीर (जावद), पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बनवारी जोशी (सिंगोली), पूर्व ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष शंभू चारण (रतनगढ़), पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष जमील मेव, युवा कांग्रेस जावद विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष स्नेहलता शर्मा, पार्षद दिनेश धनगर, पार्षद पूरण चंदेल, पार्षद अमृत शर्मा, पार्षद प्रशांत पुरोहित, पार्षद प्रतिनिधि विजय बैरागी, पार्षद विक्की पाटीदार, महिला कांग्रेस जावद ब्लॉक अध्यक्ष जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजेश शर्मा, , जिला महामंत्री हबीब राही सहित कई पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष निलेश रावल एवम आभार पूर्व जिला महामंत्री कैलाश गुप्ता ने माना।

स्थाई लोक अदालत का आदेशः स्कूली छात्रा की फीस व टीसी मामले में जिला शिक्षा अधिकारी जांच कर विधिवत कार्रवाई करें

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। निजी स्कूल की मनमर्जी पर आरोप लगाते हुए एक अभिभावक अपनी बेटी की टीसी और फीस संबंधी मेटर में लम्बे समय से परेशान चला आ रहा है। स्कूल प्रबंधन अभिभावक की बात मानने को तैयार नहीं है, जबकि वह लिखित में अपनी बात बता रहा है। उधर, शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को भी तात्कालीक समय में अभिभावक भूपेन्द्रसिंह चावड़ा ने शिकायत की। समाधान की बजाय शिकायत इधर से उधर होती रही। यह सब आरोप लगाते हुए व परेशानी झेल चुके अभिभावक चावड़ा ने लोक अदालत की शरण ली। यहां उन्होंने अपने सभी लिखित दस्तावेज व अन्य कागजातों से लोक अदालत को अवगत कराया। लोक अदालत ने निर्णय पाया है कि जांच जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर की जा सकती है, इसलिए जिला शिक्षा अधिकारी इस संबंध में विधिवत जांच कर कार्रवाई करें।

स्थाई लोक अदालत में आदेश दिया गया है कि छात्रा की फीस व टीसी मामले में जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर जांच की जा सकती है। ये आदेश स्थायी लोक अदालत (लोकोपयागी सेवाओं के लिए) के न्यायाधीश ने दिए। बता दें कि मंदसौर निवासी अभिभावक भूपेंद्रसिंह चावड़ा ने इस संबंध में आवेदन पेश किया था। इसमें कोविड दौर का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया था कि बेटी 5वीं में निजी स्कूल में पढ़ रही थी और नियमों से अधिक फीस मांगने के बाद से निराकरण नहीं हुआ। टीसी तक रुकी है। मार्कशीट में फेल घोषित कर दिया था। इस पर अध्यक्ष, अपर जिला न्यायाधीश स्थायी लोक अदालत (लोक उपयोगी सेवाओं के लिए) ने उल्लेख किया कि इस बारे में विस्तृत जांच उपरांत विधिवत कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर के द्वारा ही की जा सकती है। साथ ही उल्लेख किया कि जो शिकायत आवेदक के द्वारा पूर्व से प्रस्तुत की जा चुकी है, उक्त शिकायत का शीघ्र नियमानुसार जांच कर विधिवत कार्रवाई करें। साथ ही प्रकरण का परिणाम संबंधित पंजी में दर्ज होकर अभिलेख नियत अवधि में अभिलेखागार में जमा हो। अभिभावक चावड़ा ने बताया कोविड दौर के वक्त का मामला है और न्याय के लिए कोर्ट तक गया। बेटी अब 8वीं में अन्य निजी स्कूल में है जहां 9वीं से उसे टीसी की जरूरत भी लगेगी। हम चाहते हैं जल्द कमेटी निर्णय दें।

अवैध शराब एवं मादक पदार्थ पदार्थों की तस्करी में रेड डालने से पहले बेहतर रणनीति तैयार की जाए

विधानसभा चुनाव के संबंध में बॉर्डर समन्वय बैठक संपन्न

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। आगामी विधानसभा निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए मंदसौर, नीमच, रतलाम, झालावाड़, प्रतापगढ़ जिलों के साथ में बॉर्डर समन्वय बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी जिलों ने आपसी समन्वय के साथ रणनीति तैयार करते हुए कहा कि, चुनाव से पहले एवं चुनाव के समय रूटीन पुलिसिंग का कार्य लगातार चले। अवैध शराब, मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में लगातार कार्यवाही होनी चाहिए। अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थ पदार्थों की तस्करी के संबंध में रेड डालने से पहले बेहतर रणनीति तैयार की जाए।

सभी जिलों में रेड डालने का कार्य एक साथ होना चाहिए। सभी जिले अपनी अपनी कार्यवाहीया एवं आगे की रणनीति के संबंध में रिपोर्ट हर माह आपस में साझा करेंगे। सभी नाकों का संचालन व्यवस्थित तरीके से हो। एनडीपीएस के मामलों में एफआईआर दर्ज करने के साथ कितनी मात्रा में अवैध तस्करी के पदार्थ पकड़े, उस पर मुख्य फोकस होना चाहिए। निर्वाचन नामावली शुद्धिकरण के संबंध में आपसी जिलों के बीएलओ आपस में बातचीत कर, समन्वय करें। जिससे निर्वाचन नामावली पूर्णतः शुद्ध हो सके। एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी की जब टीम बन जाए, तो सभी जिलों की टीमें आपस में बातचीत करने के साथ में बेहतर समन्वय बनाकर काम करें। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव, रतलाम कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, प्रतापगढ़ कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक रतलाम राहुल कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़, अपर कलेक्टर मंदसौर विशाल चौहान, अपर कलेक्टर नीमच, एडिशनल एसपी मंदसौर गौतम सोलंकी, एडिशनल एसपी झालावाड़ सहित मंदसौर एसडीएम, निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

नीमच के नंदलाल गामड़ तो मंदसौर के वीरेंद्रसिंह यादव होंगे नए परिवहन अधिकारी

नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड। परिवहन विभाग ने प्रदेश में 14 जिलों के परिवहन अधिकारियों को इधर से उधर भेज दिया है। फिलहाल 14 नामों की सूची जारी हुई है। मंदसौर, नीमच सहित शिवपुरी, कटनी, मंडला, बुरहानपुर, इंदौर, बालाघाट, रीवा, झाबुआ, बड़वानी, अलीराजपुर तथा अनूपपुर के आरटीओ को इधर से उधर भेजा है। नीमच की ऋतु अग्रवाल को प्रभारी अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी खरगोन बनाया है। जबकि नीमच के नए परिवहन अधिकारी नंदलाल गामड को बनाया है। इसी तरह प्रभारी अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर रीना किराड़े को जिला परिवहन अधिकारी, बड़वानी बनाया है। तो वहीं वीरेंद्र सिंह यादव को प्रभारी अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर बनाया है।

राहुल गांधी की सजा पर कोर्ट स्टे मिलने पर कांग्रेस पार्टी ने की आतिशबाजी

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है । सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश में 'मोदी सरनेम' टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी। इस आदेश के बाद कांग्रेस पार्टी में खुशी का माहौल है। पार्टी ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। पार्टी इसे नफरत के खिलाफमोहब्बत की जीत बता रही है। मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा स्थानीय गांधी चौराहा पर आतिशबाजी व ढोल धमाकों के साथ मिठाई बाँट कर जश्न मनाया गया। मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर ने कहा कि ये जीत सत्य की जीत है,अब राहुल गांधी रुकने वाले नहीं हैं, राहुल गांधी के खिलाफसाजिश आज नाकाम हो गई है, राहुल गांधी की जीत मोदी जी पर भारी पड़ेगी। इस अवसर पूर्व नपा अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख,युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सोमिल नाहटा,शामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोनू जायसवाल,कांग्रेस नेता अजय लोढ़ा,मंजीतसिंह टुटेजा,वहीद जैदी,सुनील बसरे,इष्टा भाचावत,रूपल संचेती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

वन विभाग ने मोर के शिकार अपराध में एक आरोपी को किया गिरफ्तार

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। भानपुरा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत रायपुरिया के गांव भवानीपुरा के समीप खेतों में जहरीले दाने खिलाकर राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने वाले एक व्यक्ति को ग्रामीणों ने चार मृत मोर व एक अस्वस्थ मोर के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा। एवं अन्य लोग मौके से भागने में सफल रहे। सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा। एवं मृतक मोर एवं अस्वस्थ मोर को अपने कब्जे में कर ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी भानपुरा अंकित भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम रायपुरिया के तूफान केवट ने शुक्रवार 4 अगस्त को सुबह करीब 10 बजे सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला ग्राम भवानीपुरा के खेतों में पहुंचा। यहां ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पकड़ रखा था। जिसके पास दो नर मोर व दो मादा मोर मृत अवस्था में एवं एक मादा मोर बीमार अवस्था में पाए गए। ग्रामीणों ने बताया कि मोर का शिकार करने वाले अन्य व्यक्ति मौके से भाग निकले। भदौरिया ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर की हत्या में पकड़े गए व्यक्ति कन्हैयालाल उम्र 45 वर्ष पिता देवीलाल बांछड़ा निवासी अरनिया चारण ने पूछताछ में बताया कि मोर का शिकार करने के लिए जहरीले दानों का उपयोग रात्रि में किया एवं सुबह मृत व अस्वस्थ मोर लेकर जा रहे थे। जिन्हें ग्रामीणों ने पकड़ लिया। वन विभाग भानपुरा ने कन्हैयालाल एवं अन्य के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम संरक्षण 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 में प्रकरण दर्ज किया है।

सरकारी कॉलेज के बाबू की उच्चस्तरीय हिम्मत, कहा-संविदाकर्मी बने रहना है तो रुपए दो, शिकायत पर जांच टीम पहुंची

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। शहर के पीजी कॉलेज में पदस्थ बाबू धर्मेंद्र आर्य पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने के लिए शुक्रवार को उज्जैन डिवीजन के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. एचएल अनिजवाल पहुंचे। उन्होंने कॉलेज के संविदा कर्मियों से सीधे वन टू वन चर्चा कर मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि कॉलेज में पदस्थ हेड क्लर्क धर्मेंद्र आर्य पर संविदा कर्मचारियों के पद को लेकर रुपए मांगने की सूचना मिली थी इसकी शिकायत बाद आज हम कॉलेज में जांच करने पहुंचे है।

दरअसल बीते दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संविदा कर्मियों को खुश करते हुए घोषणा की थी कि अब संविदा कर्मियों को परमानेंट कर्मचारियों की तरह ही वेतन मिलेगा। इसके बाद मन्दसौर के शासकीय पीजी कॉलेज में पदस्थ संविदा कर्मियों को हेड क्लर्क धर्मेंद्र आर्य परेशान करते हुए रुपए की मांग करने लगा था। बाबू डीएल आर्य ने संविदा कर्मियों को धमकी देते हुए कहा था कि रुपए दोगे तो ही संविदा कर्मी बने रहोगे नहीं तो आउट सॉर्स में जा सकते हो। बताया जा रहा है की इसके बदले शुरुआत में 5-5 हजार रुपए वसूले जा चुके थे लेकिन अब 20-20 हजार रुपए और मांगे जा रहे थे। जानकारी यह भी मिली है कि अकेले बाबू की इतनी हिम्मत नहीं हो सकती कॉलेज से जुड़े और भी लोग इसमें शामिल हो सकते हैं। बाबू की धमकी से परेशान संविदा कर्मचारियों ने उच्च शिक्षामंत्री डॉ मोहन यादव को इसकी शिकायत की थी। शिकायत के बाद आज उज्जैन से आई टीम ने मामले में आरोपों की जांच शुरू की है।

गरोठ नप की बेपरवाहीःगड्डे बना जानलेवा, गिरने से युवक की मृत्यु

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। गरोठ नगर परिषद की उदासीनता के चलते खड़ावदा रोड स्थित थाने के नजदीक पाइपलाइन लीकेज होने को चलते 8 दिन पूर्व गड्ढा खोदा गया था, लीकेज दुरुस्त होने के बाद भी गड्ढे को खुला छोड़ने से गुरुवार देर रात समरजीत सिंह उम्र 35 वर्ष पिता भंवर सिंह जादौन विद्युत मंडल अस्थाई कर्मचारी गिर गया, जिसका प्राथमिक उपचार गरोठ चिकित्सालय में कर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही समरजीत सिंह ने दम तोड़ दिया। उधर, नगर परिषद के कर्ताधर्ताओं पर लापरवाही और बेपरवाही के आरोप लगाए गए हैं। इस संबंध में गरोठ नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र मेहता का कहना है कि लीकेज का काम तो गड्ढा खोदकर ही होता है, हमने गड्ढा समय पर भरवा दिया है। घटना का हमें दुख है, नगर में और कहीं ऐसे गड्ढे होंगे तो उनकी जानकारियां जुटाई जा रही है और उन्हें जल्द भरवाने का कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया का कहना है कि घटना गड्ढे से दूर हुई है, कांग्रेस के पार्षद झूठी राजनीति कर रहे हैं, असल में घटना गड्ढे से दूर हुई है। घटना से जो मौत हुई है, उसका का मुझे भी दुख है।

पशुपतिनाथजी मंदिर से 31 लाख का चढ़ावा प्राप्त, विदेशी मुद्राएं भी मिली

मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड। श्रावण माह के चलते भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में रखे दान पात्रों को एक माह में खोला गया है। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में रखे 10 दान पात्रों से मिली दान राशि की गणना गुरुवार सुबह शुरू की गई थी। 2 दिन ची गणना में भक्तों ने अष्टमुखी महादेव को 30 लाख 90 हजार 60 रुपए अर्पण किए। इसके साथ ही 80 ग्राम चांदी और जापान, वियतनाम, ओमान और नेपाल की मुद्राएं दान पात्रों से मिली है। मंदिर समिति प्रबंधक राहुल रुनवाल ने बताया कि श्रावण माह के चलते एक माह में दान पात्रों को खोला गया था । दान राशि की गणना दो दिन तक चली। दो दिन चली गणना में 30 लाख 90 हजार 60 रुपए की राशि प्राप्त हुई है।

दूधाखेड़ी माताजी मंदिर में गिनी गई 82 लाख 64 हजार की राशि-भानपुरा तहसील स्थित दूधाखेडी माताजी मंदिर के दान पात्रों को खोला गया। गणना प्रातः काल 11 बजे से देर शाम तक चली। प्रथम दिन की 26 जुलाई को गणना 29 लाख, 54 हजार 900 रही थी। 27 जुलाई को 18 लाख, 42 हजार 800 रुपये की गणना की गई एवं तीसरे दिन 03 अगस्त को 9 लाख 28 हजार 500 रुपये की गणना की गई। 04 अगस्त को मंदिर की दान पेटी से 22 लाख 71 हजार 400 रुपये की गणना की गई। साथ ही अन्नक्षेत्र की दान पेटी की भी गणना की गई जिससे 2 लाख 66 हजार 900 रुपये प्राप्त हुए। कुल 82 लाख 64 हजार 500 रुपये की गणना हो चुकी हैं।

राज-राजेश्वरी महिला नागरिक बैंक मर्या. शाजापुर

पंजीयन क्रमांक - जे./आर./यू.जे.एन./11/98 30.09.1998

दिनांक - 04.08.2023

// सूचना //

राज-राजेश्वरी महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्या. के जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा संचालित बूंद-बूंद सागर जमा योजना (दैनिक जमा योजना) दिनांक 01.06.2022 से बंद कर दी गई है. उक्त योजना के अंतर्गत 3 अभिकर्ताओं (1) **श्री श्याम शर्मा पिता श्री कुंजीलाल शर्मा, (2) श्री रमेश गवली पिता श्री दशरथ सिंह गवली, (3) श्री दिलीप रोहिरा पिता श्री हरिराम रोहिरा दैनिक संग्रहण किया जाता था.** दिनांक 01.06.2022 के पश्चात उक्त योजना में किसी भी अभिकर्ता द्वारा नया खाता नहीं खोला गया है. दिनांक 30.06.2023 की स्थिति पर उक्त योजना के अंतर्गत किसी भी अमानतदार की राशि बैंक में जमा नहीं है. यदि किसी भी व्यक्ति की उक्त योजना के अंतर्गत बैंक में राशि जमा हो, तो वह 30 दिवस के भीतर बैंक में आकर संपर्क करें. 30 दिवस के पश्चात बैंक की किसी भी प्रकार की जवाबदारी नहीं रहेगी.

प्रबंधक
राज-राजेश्वरी महिला
नागरिक बैंक मर्या. शाजापुर

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाला भवन, भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र, देवास रोड उज्जैन, 456010
सम्पर्क- 0734-2511048, फैक्स - 0734-2511047

// जाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की वेद नगर योजना में भवन/भूखण्ड क्रं.- ए-12/36 श्रेणी ईडब्ल्यूएस श्रीमती कमलाबाई सोलंकी पति श्री बाबूलाल सोलंकी के नाम पर दर्ज है।

श्रीमती कमलाबाई सोलंकी की मृत्यु दिनांक 24.08.2021 एवं इनके पति श्री बाबूलाल सोलंकी की मृत्यु दिनांक 04.05.2022 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर मृतक के वारिसान पुत्रों श्री जीवन भाई सोलंकी पिता स्व. श्री बाबूलालजी सोलंकी एवं श्री राजेन्द्र कुमार सोलंकी पिता स्व. श्री बाबूलालजी सोलंकी निवासीगण ए-12/37, ईडब्ल्यूएस, वेद नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति लेख, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण आदि प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति संयुक्त नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी।

नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नही की जावेगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

कार्यालय उज्जैन नगर पालिक निगम, उज्जैन

छत्रपति शिवाजी भवन आगर रोड उज्जैन

-: (online) द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :-

विज्ञप्ति क्रं.730 उज्जैन दिनांक :-03/08/2023

निम्नांकित कार्य के लिए प्रपत्र 'अ' (फार्म ए) में प्रतिशत कम या अधिक के आधार पर प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से उक्त विभाग में पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर ऑनलाईन Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैं, तथा ठेकेदार की (श्रेणी सी) एम.पी. गर्वमेंट व सिरियल क्रं. 1 का टेण्डर फार्म का मूल्य 5000 / रहेगा ।

सिरियल क्रं. 1 आनलाईन क्रय करने की व ऑनलाईन ई. एम. डी. राशि एवं समस्त दस्तावेज Submission करने की अंतिम दिनांक 18/08/2023 समय 17.30 रहेगी ।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं। यदि उपरोक्त निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो इसकी सूचना ऑन लाईन दी जावेगी। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्रं	निविदा विज्ञप्ति क्रं.	कार्य का नाम	अनुमानित लगत	नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल	अर्नेस्टमनी रू.	कार्य पूर्ण समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2023_UAD_290262_2	वार्ड क्रं. 25 अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल के पीछे द्रविड़ मार्ग का चौडीकरण के संबंध में।	31,94,270/-	02.08.2021 UADD ISSR SOR AND ITEM RATE	50000/-	180 दिन

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम उज्जैन
उज्जैन दिनांकः- 03/08/2023

सम्पादकीय

ट्रंप का राजनीतिक भविष्य

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर चार महीनों में तीसरी बार आपराधिक आरोप लगे हैं। इस बार यह आरोप लगा है कि उन्होंने 2020 के अमेरिकी चुनाव के परिणाम को पलटने की कोशिश की थी। यह आरोप विशेष वकील जैकस्मिथ के उन आरोपों की जांच से उपजे हैं जो यह दर्शाते हैं कि ट्रंप ने डैमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन से अपनी हार को उलटने की कोशिश?की थी। अधिकारियों ने गवाही दी है कि ट्रंप ने व्यापक मतदान धोखाधड़ी के झूठे दावों के आधार पर उन पर दबाव डाला और कांग्रेस को बाइडेन की जीत को प्रमाणित करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने 6 जनवरी, 2021 को यूएस कैपिटल पर हमला किया। ट्रंप पहले ही आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन चुके हैं। यद्यपि इन आरोपों को ट्रंप ने राजनीति से प्रेरित बताया है और कहा कि जैकस्मिथ विक्षिप्त हो चुके हैं और उन्होंने एक और फर्जी अभियोग लगाया है। आरोपों के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप अगले राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के नामांकन की रेस में सबसे आगे हैं। अब सवाल यह है ?कि क्या आपरा?धक मामले उनके पुनः राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के सपने को तोड़ सकते हैं या नहीं? इससे पहले उन पर गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने, पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स मामले में दिए गए धन को छुपाने के आरोप लग चुके हैं। उन पर ई.जीन कैरल नाम की एक स्तम्भकार ने केस दायर कर ट्रंप पर रेप और उसे सार्वजनिक तौर पर बदनाम करने का आरोप भी लगाया था। इस मामले में कोर्ट ने कैरल के बलात्कार के दावों को नहीं माना था, लेकिन उसका उत्पीड़न करने के मामले में ट्रंप पर 50 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया था।जस्टिस डिपार्टमेंट के हालिया अभियोग को मिलाकर अब ट्रंप 78 आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। ट्रंप खुद को बेगुनाह बता रहें हैं लेकिन अगर उन्हें दोषी ठहराया गया और फिर हर एक मामले के लिए उन्हें अधिकतम अवधि की सजा सुनाई गई तो ट्रंप को सैकड़ों वर्षों की जेल हो सकती है। हालांकि ऐसे मामले कम हैं, जब जजों ने अधिकतम सजा सुनाई है। इसके अलावा मुजरिमों को एक साथ कई मामलों में सजा काटने की अनुमति दे देते हैं यानी कि किसी मामले में दस साल की सजा हो और दूसरे किसी मामले में चार ही साल की सजा है तो इसकी सजा दस साल वाले में एडजस्ट करने की मंजूरी दी जा सकती है। डोनाल्ड ट्रंप को हो सकता है कि अधिकतम सजा न सुनाई जाए या उन्हें एक साथ कई मामलों में सजा काटने की अनुमति मिल जाए लेकिन आरोपों और सजाओं की लंबी सूची ट्रंप के कानूनी खतरे की गंभीरता को दिखाती है। इसके अलावा यह अमेरिका के सामने भी असाधारण स्थिति है जिसकी कमान एक बार फिर ट्रंप राष्ट्रपति के रूप में लेना चाहते हैं। अमेरिका में कोई शख्स अधिकतम दो बार राष्ट्रपति रह सकता है और ट्रंप एक बार राष्ट्रपति रह चुके हैं। उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने के लिए जो बाइडेन को कड़ी टक्कर दी लेकिन नाकाम रहे। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद ट्रंप को राष्ट्रपति बनने से रोका नहीं जा सकता। आरोपित होने के बावजूद सुनवाई में महीनों का समय लगेगा और ट्रंप तब तक आराम से प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। न्यूयार्क या फ्लोरिडा मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद भी ट्रंप के सामने चुनाव लड़ने में कोई बाधा नहीं आने वाली। अमेरिका के संविधान में राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए किसी भी उम्मीदवार के लिए तीन योग्यताओं का होना अनिवार्य है। पहला उम्मीदवार अमेरिका का नागरिक होना चाहिए। उसकी उम्र कम से कम 35 साल हो और वह 14 सालों से अमेरिका में रह रहा हो। ऐसी कई कानूनी बाधाएं हैं जिससे किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोका जा सकता है, लेकिन वे ट्रंप पर लागू नहीं होती। अगर किसी को आपराधिक मामलों में दोषी ठहराया जाता है तो वह वोट नहीं डाल सकता, लेकिन वह चुनाव लड़ सकता है। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या इन आरोपों से ट्रंप के प्रचार अभियान को नुक्सान पहुंचेगा या उन्हें फायदा होगा? ट्रंप राजनीतिक कौशल के मामले में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारी पड़ते दिखाई देते हैं। आरोपों के बावजूद ट्रंप के चेहरे पर कोई शिकन नजर नहीं आ रही। ट्रंप के आलोचक और समर्थक उन्हें एक करिश्माई तेज तर्रार और कुशल राजनीतिक स्किल वाला इंसान मानते हैं। उनके बोलने का अलग स्टाइल और कई बार उनका बड़बोलापन उनके लिए ही तोहफा साबित होता है। आलोचक उन्हें सबसे अच्छा झूठ बोलने वाला व्यक्ति भी करार देते हैं। देखना होगा कि आपराधिक आरोपों के चलते क्या अमेरिका की जनता उन पर कितना भरोसा करती है।

सहजयोग ध्यान द्वारा व्यक्तित्व में पंचतत्वों की सूक्ष्म अभिव्यक्ति होने लगती है

सहजयोग में श्री माताजी की अनुकम्पा से कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के पश्चात जिन पंचतत्त्वों से हम बने हैं, चैतन्य लहरियाँ उन तत्त्वों के सूक्ष्म तत्त्व से हमें जोड़ने लगती हैं। यह बड़ी सूक्ष्म बात है, इसकी सूक्ष्मता हमें समझनी चाहिए।

श्री माताजी के अनुसार,

● प्रकाश अभिव्यक्त होने वाला प्रथम तत्त्व है और उसका सूक्ष्म तत्त्व है तेज, आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होने के पश्चात व्यक्ति (गहन सहजयोगी) का मुखमण्डल तेजोमय हो उठता है।

● स्थूल वायु का सूक्ष्म तत्त्व आपको प्राप्त होने वाली शीतल चैतन्य लहरियाँ है। आत्म साक्षात्कार के बाद आप केवल लहरियाँ ही नहीं प्राप्त करते, शीतलता का भी अनुभव करते हैं, वही वायु तत्त्व का सार हैं।

●जल तत्त्व सूक्ष्म रूप में जब अभिव्यक्ति होता है तो वह सहजयोगी की कठोर त्वचा को कोमल करता है, उनके अंदर का जल ही उनके चेहरे की त्वचा को चमक और पोषण प्रदान करता है। इसी के साथ आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति अत्यन्त मृदु और विनम्र हो जाते हैं। जल की तरह गतिशील, शीतलता शांति एवं स्वच्छता प्रदायक हो जाते हैं।

●आप में अग्नि भी है परन्तु यह अत्यन्त शान्त अग्नि है। यह किसी अन्य को नहीं जलाती, आपके अंदर बुराइयों को और आपके माध्यम से अन्य लोगों की बुरारियों को आपकी यह अग्नि जला देती है। यदि आप पूर्णतः विकसित सहजयोगी हैं तो अग्नि आपको कभी नहीं जलाएगी क्योंकि अग्नि तत्त्व का सार आपको प्राप्त हो जाता है।

● पृथ्वी माँ है। पृथ्वी की बहुत सी सूक्ष्मताएं हममें आ जाती हैं। इनमें से एक गुरुत्वाकर्षण है। गुरुत्वाकर्षण की अभिव्यक्ति से व्यक्ति अत्यन्त आकर्षक हो जाता है, शारीरिक रूप से नहीं, आध्यात्मिक रूप से। ऐसा व्यक्ति

अन्य लोगों को आकर्षित करता है। पृथ्वी माँ की तरह हम भी अत्यन्त सहनशील और धैर्यवान बनने लगते हैं।

● आपके अन्दर आकाश तत्त्व भी कार्य करने लगता है, यह आपके चित्त के माध्यम से कार्य करता है चित्त डालने के लिए आपको मुझसे नहीं कहना पड़ता, आप स्वयं चित्त डालि, और कार्य हो जाएगा। आपका चित्त किसी भी विशेष कार्य को करने के लिए स्वतंत्र हो जाता है। [25-12-1998] सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। **टोल फ्री नं- 1800 2700 800**

क्या आप जानते हैं दुःखनाश के लिए भगवान शिव के ग्यारह रुद्ररूप!

शास्त्रों की बात, जानें धर्म के साथ

भगवान शिव का एक नाम 'रुद्र' है । दुःख का नाश करने तथा संहार के समय क्रूर रूप धारण करके शत्रु का नाश करने के लिए शिव को 'रुद्र' कहते हैं ।

वेदों में शिव के अनेक नामों में रुद्र नाम ही विशेष है। उन्हें 'रुद्रः परमेश्वरः, जगत्स्रष्टा रुद्रः' आदि कहकर परमात्मा माना गया है ।

यजुर्वेद का रुद्राध्याय भगवान रुद्र को समर्पित है । उपनिषद् रुद्र को विश्व का अधिपति तथा महेश्वर बताते हैं–

'इन ब्रह्माण्ड में स्थित भुवनों पर ब्रह्मारूप से शासन करता हुआ और उत्पन्न होने वाले प्रत्येक शरीर के मध्य में चेतनरूप से विराजमान तथा प्रलय के समय क्रोध में भरकर संहार करता हुआ एक रुद्र ही अपनी शक्ति उमा के साथ स्थित है, इससे पृथक् दूसरा कुछ भी नहीं ।' (श्वेताश्वतरोपनिषद् 4।18)

शिवपुराण का आधे से अधिक भाग रुद्रसंहिता, शतरुद्रसंहिता और कोटिरुद्रसंहिता आदि नामों से भगवान रुद्र की ही महिमा का गान करता है ।

रुद्रसंहिता (सृ. ख. 2।40) में कहा गया है–'इस लोक में शिव की जैसी इच्छा होती है, वैसा ही होता है । समस्त विश्व उन्हीं की इच्छा के अधीन है और उन्हीं की वाणी रूपी तन्त्री से बंधा हुआ है ।'

ग्यारह रुद्र या एकादश रुद

भगवान रुद्र तो एक ही हैं किन्तु जगत के कल्याण के लिए वे अनेक नाम व रूपों में अवतरित होते हैं । मुख्य रूप से ग्यारह रुद्र हैं । इन्हें 'एकादश रुद्र' भी कहते हैं । शिवपुराण (शतरुद्रसंहिता 18।27) में कहा गया है–

एकादशैते रुद्रास्तु सुरभीतनयाःस्मृताः ।
देवकार्यार्थमुत्पन्नाश्शिवरूपास्सुखास्पदम् ।।

अर्थात्–

ये एकादश रुद्र सुरभी के पुत्र कहलाते हैं । ये सुख के निवासस्थान हैं तथा देवताओं के कार्य की सिद्धि के लिए शिवरूप से उत्पन्न हुए हैं ।

भगवान शिव ने ग्यारह रुद्ररूप में अवतार क्यों लिया?

एक बार इन्द्र आदि देवता दैत्यों से पराजित हो गए और भयभीत होकर अपनी अमरावतीपुरी को छोड़कर अपने पिता महर्षि कश्यप के आश्रम में आ गए । सभी देवताओं ने कश्यपजी को अपना कष्ट सुनाया । शिवभक्त महर्षि कश्यप देवताओं को कष्ट दूर करने का आश्वासन देकर काशीपुरी आ गए और वहां शिवलिंग की स्थापना करके तप करने लगे ।

बहुत समय बीत जाने पर परम दयालु भगवान शिव प्रकट हो गए और उनसे वर मांगने के लिए कहा। कश्यपजी ने कहा–'दैत्यों ने देवताओं और यक्षों को पराजित कर दिया है, इसलिए आप मेरे पुत्र रूप में प्रकट होकर देवताओं के कष्टों को दूर कीजिए ।'

भगवान शंकर 'तथास्तु' कहकर अन्तर्ध्यान हो गए। आश्रम वापस आकर उन्होंने देवताओं को भगवान शंकर के अवतार लेने की बात सुनाई, तो सभी देवता प्रसन्न हो गए ।

कश्यप-पत्नी सुरभी के गर्भ से लिया भगवान शिव ने ग्यारह रुद्रों के रूप में अवतार!

भगवान शिव ने अपना वचन सत्य करने के लिए कश्यप ऋषि की पत्नी सुरभी के गर्भ से ग्यारह रुद्रों के रूप में अवतार लिया । उस समय देवताओं ने बड़ा उत्सव किया । भगवान के इन रुद्रावतारों से सारा जगत शिवमय हो गया । ये एकादश रुद्र बहुत ही बली और पराक्रमी थे । इन्होंने युद्ध में दैत्यों को हराकर इन्द्र को पुनः स्वर्ग का राज्य दिला दिया । सभी देवता निर्भय होकर अपना-अपना राजकार्य संभालने लगे ।

आज भी भगवान शिव के स्वरूप ये सभी एकादश रुद्र देवताओं की रक्षा के लिए स्वर्ग में विराजमान हैं और ईशानपुरी में निवास करते हैं । उनके अनुचर करोड़ों रुद्र कहे गये हैं, जो तीनों लोकों में चारों ओर स्थित हैं ।

एकादश रुद्र के नाम!

विभिन्न पुराणों व ग्रन्थों में एकादश रुद्रों के नाम में अंतर मिलता है। जैसे–शिवपुराण में इनके नाम हैं–

कपाली, पिंगल, भीम, विरुपाक्ष,विलोहित,
शास्ता, अजपाद, अहिर्बुध्न्य, शम्भु, चण्ड, और भव।

शैवागम के अनुसार एकादश रुद्रों के नाम हैं–

शम्भु,पिनाकी,गिरीश,स्थाणु,भर्ग,सदाशिव,
शिव,हर,शर्व,कपाली, और भव।

श्रीमद्भागवत (3।12।12) में एकादश रुद्रों के नाम इस प्रकार हैं -मन्यु, मनु, महिनस, महान्, शिव, ऋतध्वज, उग्ररेता, भव, काल, वामदेव, और धृतव्रत ।

ग्यारह रुद्रों की कथा पढ़ने का माहात्म्य

इस प्रसंग को एकाग्रचित्त होकर पढ़ने का शिवपुराण में महान फल बताया गया है ।

यह– धन व यश देने वाला,मनुष्य की आयु की वृद्धि करने वाला,सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला,पापों का नाशक, व समस्त सुख-भोग प्रदान कर अंत में मुक्ति देने वाला है ।

आध्यात्मिक रुद्र!

उपनिषदों में एकादश प्राणों (दस इन्द्रियां और मन) को 'एकादश रुद्र' कहा गया है । परन्तु ये 'आध्यात्मिक रुद्र' हैं । ये शरीर रूपी मशीन को चलाते रहते हैं । ये ठीक-ठीक चलें तो मनुष्य का सब शिव (कल्याण) है अन्यथा एक की भी गति बिगड़ी तो शरीर बेकार हो जाता है । जो इन एकादश प्राणों को संयमित आहार-विहार और योगाभ्यास द्वारा वश में रखता है, वही सुख पाता है। ये निकलने पर प्राणियों को रुलाते हैं, इसलिए 'रुद्र' कहे जाते हैं। अतः दस इन्द्रियां और मन ही एकादश रुद्र हैं।

भगवान रुद्र के अश्रुबिन्दुओं से उत्पन्न रुद्राक्ष सभी देवताओं को अत्यन्त प्रिय हैं ।

(गोस्वामी तुलसीदास कृत रुद्राष्टक)

नमामीशमीशान निर्वाणरूपं।
विभुं व्यापकं ब्रह्म वेदस्वरूपं॥
निजं निर्गुणं निर्विकल्पं निरीहं।
चिदाकाशमाकाशवासं भजेऽहं॥

भावार्थ-हे मोक्षस्वरूप, विभु, व्यापक, ब्रह्म और वेदस्वरूप, ईशान दिशा के ईश्वर तथा सबके स्वामी श्री शिवजी मैं आपको नमस्कार करता हूँ। निजस्वरूप में स्थित (अर्थात? मायादिरहित), (मायिक) गुणों से रहित, भेदरहित, इच्छारहित, चेतन आकाश रूप एवं आकाश को ही वस्त्र रूप में धारण करने वाले दिगम्बर (अथवा आकाश को भी आच्छादित करने वाले) आपको मैं भजता हूँ॥

निराकारमोंकारमूलं तुरीयं।
गिरा ग्यान गोतीतमीशं गिरीशं॥
करालं महाकाल कालं कृपालं।
गुणागार संसारपारं नतोऽहं॥

भावार्थ-निराकार, ओंकार के मूल, तुरीय (तीनों गुणों से अतीत), वाणी, ज्ञान और इन्द्रियों से परे, कैलासपति, विकराल, महाकाल के भी काल, कृपालु, गुणों के धाम, संसार से परे आप परमेश्वर को मैं नमस्कार करता हूँ॥

तुषाराद्रि संकाश गौरं गभीरं।
मनोभूत कोटि प्रभा श्रीशरीरं॥
स्फुरन्मौलि कल्लोलिनी चारु गंगा।
लसद्भालबालेन्दु कंठे भुजंगा॥

भावार्थ-जो हिमाचल के समान गौरवर्ण तथा गंभीर हैं, जिनके शरीर में करोड़ों कामदेवों की ज्योति एवं शोभा है, जिनके सिर पर सुंदर नदी गंगाजी विराजमान हैं, जिनके ललाट पर द्वितीया का चंद्रमा और गले में सर्प सुशोभित है॥

चलत्कुण्डलं भ्रू सुनेत्रं विशालं।
प्रसन्नाननं नीलकंठं दयालं॥
मृगाधीशचर्माम्बरं मुण्डमालं ।
प्रियं शंकरं सर्वनाथं भजामि॥

भावार्थ-जिनके कानों में कुण्डल हिल रहे हैं, सुंदर भ्रुकुटी और विशाल नेत्र हैं, जो प्रसन्नमुख, नीलकण्ठ और दयालु हैं, सिंह चर्म का वस्त्र धारण किए और मुण्डमाला पहने हैं, उन सबके प्यारे और सबके नाथ (कल्याण करने वाले) श्री शंकरजी को मैं भजता हूँ॥

प्रचंडं प्रकृष्टं प्रगल्भं परेशं।
अखंडं अजं भानुकोटिप्रकाशं॥
त्रयः शूल निर्मूलनं शूलपाणिं।
भजेऽहं भवानीपतिं भावगम्यं॥

भावार्थ-प्रचण्ड (रुद्ररूप), श्रेष्ठ, तेजस्वी, परमेश्वर, अखण्ड, अजन्मे, करोड़ों सूर्यों के समान प्रकाश वाले, तीनों प्रकार के शूलों (दुःखों) को निर्मूल करने वाले, हाथ में त्रिशूल धारण किए, भाव (प्रेम) के द्वारा प्राप्त होने वाले भवानी के पति श्री शंकरजी को मैं भजता हूँ॥

कलातीत कल्याण कल्पान्तकारी।
सदा सज्जनानन्ददाता पुरारी॥
चिदानंद संदोह मोहापहारी।
प्रसीद प्रसीद प्रभो मन्मथारी॥

भावार्थ-कलाओं से परे, कल्याणस्वरूप, कल्प का अंत (प्रलय) करने वाले, सज्जनों को सदा आनंद देने वाले, त्रिपुर के शत्रु, सच्चिदानंदघन, मोह को हरने वाले, मन को मथ डालने वाले कामदेव के शत्रु, हे प्रभो! प्रसन्न होइए, प्रसन्न होइए॥

न यावद् उमानाथ पादारविंदं।
भजंतीह लोके परे वा नराणां॥
न तावत्सुखं शान्ति सन्तापनाशं।
प्रसीद प्रभो सर्वभूताधिवासं॥

भावार्थ-जब तक पार्वती के पति आपके चरणकमलों को मनुष्य नहीं भजते, तब तक उन्हें न तो इहलोक और परलोक में सुख-शांति मिलती है और न उनके तापों का नाश होता है। अतः हे समस्त जीवों के अंदर (हृदय में) निवास करने वाले हे प्रभो! प्रसन्न होइए॥

न जानामि योगं जपं नैव पूजां।
नतोऽहं सदा सर्वदा शंभु तुभ्यं॥
जरा जन्म दुःखोद्य तातप्यमानं॥
प्रभो पाहि आपन्नमामीश शंभो॥

भावार्थ-मैं न तो योग जानता हूँ, न जप और न पूजा ही। हे शम्भो! मैं तो सदा-सर्वदा आपको ही नमस्कार करता हूँ। हे प्रभो! बुढ़ापा तथा जन्म (मृत्यु) के दुःख समूहों से जलते हुए मुझ दुःखी की दुःख से रक्षा कीजिए। हे ईश्वर! हे शम्भो! मैं आपको नमस्कार करता हूँ॥

रुद्राष्टकमिदं प्रोक्तं विप्रेण हरतोषये।
ये पठन्ति नरा भक्त्या तेषां शम्भुः प्रसीदति॥

भावार्थ-भगवान् रुद्र की स्तुति का यह अष्टक उन शंकरजी की तुष्टि (प्रसन्नता) के लिए ब्राह्मण द्वारा कहा गया। जो मनुष्य इसे भक्तिपूर्वक पढ़ते हैं, उन पर भगवान् शम्भु प्रसन्न होते हैं॥

क्या लेकर आया है 12 राशियों के लिए 05 अगस्त का दिन, पढ़ें राशिफल

मेष राशि

आज का राशिफलः धनार्जन सुगम होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी।

उपायःआज केले का पौधा घर लेकर आएं और पूजा करें।

शुभ अंकः4
शुभ रंगःलाल
वृषभ राशि

आज का राशिफलः वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा।

उपायःपक्षियों को अनाज डालें।

शुभ अंकः1
शुभ रंग-सफेद
मिथुन राशि

आज का राशिफलः शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

उपायःआज किसी गणेश मंदिर में 5 मिनट ध्यान लगाकर बैठें।

शुभ अंकः2
शुभ रंगःपीला
कर्क राशि

आज का राशिफलः लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें।

उपायःआज दक्षिण पूर्व में मनी प्लांट वाला पॉट रखें।

शुभ अंकः6
शुभ रंगःस्लेटी
सिंह राशि

आज का राशिफलः रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

उपायःअपने आप को फोकस रखने के लिए आज कुछ देर ध्यान का सहारा लें।

शुभ अंकः7
शुभ रंगःप्याजी रंग
कन्या राशि

आज का राशिफलः अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है।

उपायःआज समृद्धि के लिए अपने बटुए में सूखी तुलसी रखें।

शुभ अंकः1
शुभ रंगःहरा
तुला राशि

आज का राशिफलः बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

उपायःसमृद्धि के लिए तुलसी का पौधा लगाए।

शुभ अंक-5
शुभ रंग-हरा
वृश्चिक राशि

आज का राशिफल-नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

उपायःआज समृद्धि के लिए जायफल को अपने साथ रखें।

शुभ अंकः9
शुभ रंगःनारंगी
धनु राशि

आज का राशिफलः बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

उपायःआज धन के लिए लाल रंग की चीजें पहनें।

शुभ अंकः9
शुभ रंगःलाल
मकर राशि

आज का राशिफल-स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

उपायःकाम बढाने के लिए अपने गैजेट को अपनी बाईं ओर रखें।

शुभ अंकः3
शुभ रंगःग्रे
कुंभ राशि

आज का राशिफल- भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

उपायःआज सफलता के लिए काम की टेबल पर एक घोड़े की एक मूर्ति रखें।

शुभ अंक-3
शुभ रंगःकाला
मीन राशि

आज का राशिफल- धन प्राप्ति सुगम होगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें।

उपायःआज धन के लिए तीन चीनी सिक्कों को ले।

शुभ अंक-5
शुभ रंग-नारंगी

सदैव प्रसन्न रहिये।
जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।

ज्ञान मनुष्य का सच्चा मित्र, ज्ञान से ही वात्सल्य स्नेह, संघर्ष और संकल्प परिभाषित होतें हैं

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि %पाप से घृणा करो पापी से नहीं% फल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फ ज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था। प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। आधुनिक तकनीक से अर्जित ज्ञान के उपयोग इनके संरक्षण में करने में हम सक्षम भी हैं। अतः प्राचीन काल से मान्यता रही है कि सार्थक, सफल, एवं प्रेरणादाई जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान का समन्वय कारी सदुपयोग एक आवश्यक तत्व है, इसके अभाव में जीवन कितना सार्थक सफल और मार्गदर्शी नहीं हो सकता है।

महिलाओं को सशक्त बनाने काम कर रही भाजपा सरकार : माधवी भूता

भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य ने शाजापुर जिले में किया संगठनात्मक प्रवास

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। राष्ट्रीय संगठनात्मक प्रवास पर मुंबई से महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य माधवी भूता दो दिवसीय शाजापुर जिले के प्रवास पर आई जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने बताया कि श्रीमती भूता सबसे पहले शहर के शासकीय गर्ल्स डिग्री कालेज में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची, यहा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए माधवी भूता ने कहा कि आप सभी नव मतदाता बनने जा रहे हैं।

उन्होंने छात्र से पूछा आप अपने वोट क्या सोचकर देंगे तो बच्चों ने एक स्वर में जवाब दिया राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर हम अपना मत का प्रयोग करेंगे। छात्रों से संवाद करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती भुता ने कहा कि प्रदेश में पिछले 70 सालों से हमारी बेटियों-बहिनों के बारे में किसी ने भी नहीं सोचा। जब देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो सबसे पहले उन्होंने बेटियों के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना बनाई। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, कन्यादान विवाह योजना जैसी विभिन्न योजनायें संचालित कर महिलाओं को सशक्त करने का काम भाजपा ने किया है। कार्यक्रम को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष केतल पटेल ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व श्रीमती भूता ने शाजापुर आगमन पर सर्वप्रथम मां राजराजेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की इसके बाद उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। अपने दो दिन के प्रवास में उन्होंने जिले के मक्सी में सेल्फी विथ लाभार्थी सम्मेलन, आशा उषा कार्यकर्ताओ संवाद, मीसाबंदी परिवारों का सम्मान, गोलाना के सी एम राइज विद्यालय का अवलोकन, शुजालपुर में महिला मोर्चा की बैठक एवं कालापीपल में महिला कार्यकर्ताओ से संवाद जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की शुजालपुर नपा अध्यक्ष बबीता परमार, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पा भावसार, अंजू खत्री, भाजपा जिला उपाध्यक्ष यमुना कछावा, श्रद्धा नागर, सुरेखा जोशी, वेजयंती दीक्षित, पूजा लोधी, बबिता, मधु मंडलोइ, रुक्मणी पाटीदार, ममता परमार, संगीता जैन, रचना शर्मा, आकर्षिका जैन, रेखा सोनी, प्रीति शर्मा, अनिता राजपूत, प्रमिला मूहाड्कर, किरण पाटीदार, ममता पाटीदार, सुनीता शर्मा, पुष्पा पाटीदार आदि उपस्थित थी।

पत्नि की हत्या कर लाश छिपाने वाले पति को आजीवन कारावास

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। माननीय न्यायालय चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जिला शाजापुर म.प्र. द्वारा आरोपी कमल पिता पर्वतलाल पडिहार निवासी ग्राम निछमा थाना सुनेरा जिला शाजापुर को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास और 5000 रू के अर्थदण्ड तथा धारा 201 भादवि में 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 2000/- रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी रमेश सोलंकी जिला शाजापुर ने बताया कि 15 फरवरी 2021 को रात्रि 10 बजे के लगभग आरोपी कमल और उसकी पत्नि भूरी बाई में झगडा हो गया था। आरोपी कमल ने उसकी पत्नि भूरी बाई को सिर पर लकड़ी का बेट मार दिया था जिससे उसको चोट आई थी। जिसकी सूचना आरोपी कमल ने उसके साले मुकेश चौहान को मोबाईल फोन से दी। उक्त सूचना पर से मुकेश चौहान उसके भाई हरि, जितेन्द्र एवं उसके पिता नंदा जी चारों बुमतलाई ब्राइट फयूचर स्कूल पर आये। उन्होने वहा आकर देखा तो भूरी बाई और बच्चे नहीं दिखे। थोडी देर बाद आरोपी कमल आया तो मुकेश चौहान ने आरोपी कमल से पूछा कि भूरी बाई और बच्चे कहा है। जिस पर आरोपी कमल ने उससे कहा कि भूरी बाई को रूपानिया खाल के पास जंगल में ले जाकर उसकी गर्दन चाकू से काटकर उसकी हत्या कर दी है और उसकी लाश को वहीं जंगल में छुपा दिया है। इतना बताकर आरोपी कमल वहां से भाग से गया। इसके बाद वह लोग रूपानिया खाल के जंगल में भूरी बाई को ढूढा तो आस पास के जंगल में तलाश करने पर झाडियों में भूरी बाई की लाश मिली, जिसका गला सामने से कटा हुआ था। उक्त घटना की सूचना मृतिका भूरी बाई के भाई मुकेश चौहान ने थाना सुनेरा को रात में ही दी। फरियादी की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी सौरभ शर्मा, उपनिरीक्षक सचिन आर्य मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे। फरियादी मुकेश चौहान ने पुलिस को उसकी बहन की लाश रूपानिया खाल के जंगल की झाडियों में दिखाई। घटना स्थल पर फरियादी मुकेश चौहान के बताये अनुसार मर्ग कायम किया। तत्पश्चात प्रथम सूचना रिपोर्ट आरोपी कमल के विरूद्ध दर्ज की गई। पुलिस थाना सुनेरा के द्वारा प्रकरण में अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र आरोपी कमल के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी उपसंचालक (अभियोजन) प्रेमलता सोलंकीएवं रमेश सोलंकी, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी जिला शाजापुर द्वारा की गई। माननीय न्यायालय ने अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुये आरोपी को दण्डित किया गया।

तीन विभागों के अधिकारियों ने किया शहर का भ्रमण

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर चलाया जांच अभियान

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशानुसार नगर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं नापतोल संबंधी तथा घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक दुरुपयोग के रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग, नापतोल विभाग एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

संयुक्त जाँच दल द्वारा शाजापुर नगर के इंडियन आयल पेट्रोल पम्प के सामने स्थित कार्तिकेय एवरफ्रेश, गवली एवरफ्रेश, न्यू करोड़ी वाला बर्स किराना स्टोर, श्री गणेश फैमिली रेस्टोरेंट, बस स्टेण्ड के आसपास स्थित न्यू अशोक होटल उपहार गृह, ऋतुराज रेस्टोरेंट, बैरागी केफे, यादव उपहार गृह, सम्राट लस्सी, आनंद जूस एंड कोल्ड ड्रिंक्स, सूरज किराना स्टोर, टंकी चौराहा स्थित आरती भोजनालय, विशाल मिष्ठान एवं कोल्ड ड्रिंक आदि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। नापतोल विभाग द्वारा न्यू करोड़ी वाला ब्रदर्स किराना स्टोर पर खाद्य पदार्थ के पैकेट जिसमें घोषणाएं अंकित नहीं पाई जाने से प्रकरण दर्ज किया गया एवं सूरज किराना स्टोर में इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा सत्यापित नहीं होने से जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा न्यू अशोक होटल उपहार गृह से मावा के एवं आनंद जूस एंड कोल्ड ड्रिंक्स से लस्सी के नमूने लिए गए, जबकि सम्राट लस्सी प्रतिष्ठान में 750 एमएल थम्सअप की 30 बोतल एवं 750 एमएल की फेंटा की 4 बोतल एक्सपायरी डेट होने से प्रकरण दर्ज कर मौके पर ही नष्ट किया गया। खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा श्री गणेश फैमिली रेस्टोरेंट से एक घरेलू गैस टंकी एवं न्यू अशोक होटल उपहार गृह से 2 घरेलू गैस सिलेंडर का व्यवसायिक रूप में प्रयोग करते हुए पाए जाने से जप्त कर प्रकरण बनाया गया। जांच दल में प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्रप्रताप शर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रविन्द्रसिंह राठौर, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अजयसिंह खराडिया, नापतोल निरीक्षक पीएस बारापात्रे एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश वास्कले शामिल थे।

शहर में बह रही भक्ति की बयार, अधिक मास में मंदिरों में हो रहे आयोजन

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। श्रावण मास के साथ ही शहर में अधिकमास होने पर भक्ति की बयार बह रही है। जिसके चलते मंदिरों में सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

शहर के राधाकृष्ण मंदिर, श्री गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली सहित विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं शहर के सोमवारिया बाजार स्थित श्री गोवर्धन नाथ हवेली में प्रतिदिन भगवान श्री कृष्ण का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। प्रभु के मनोहारी स्वरूप को निहारने भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालू मंदिर पहुंच रहे हैं।

शहर की सुंदरता को बढ़ा रही थी हरियाली, लग गई किसी की नजर

मां राजराजेश्वरी मंदिर की पुलिया पर लगाए थे गमले, अब नहीं आ रहे नजर

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। शहर के मां राजराजेश्वरी माता मंदिर के पास स्थित पुलिया पर नदी में कचरा न डालने और शहर की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए वहां जाली लगाई गई है, जिसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए वहां गमले भी लगाए गए थे। जो अब नदारद हो चुके हैं। इस मामले में अधिकारियों को भी कोई जानकारी नहीं है।

गौरतलब है जब भी शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण हुआ शहर का नंबर नहीं लगा। तब तत्कालीन कलेक्टर दिनेश जैन के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ बनाने हेतु प्रयास शुरू किए गए थे और चीलर नदी के जीर्णोद्धार के लिए काम शुरू किया गया था। उसी क्रम में इस पुलिया पर भी सौंदर्यीकरण करते हुए यहां जाली लगाई गई थी ताकि लोग नदी में पूजन सामग्री और कचरा न डाल सके। वहीं सौंदर्यीकरण के लिए यहां गमले भी लगाए गए थे। जो कुछ दिन तो नजर आए, लेकिन अब वे यहां से नदारद हो चुके हैं। इस मामले में अधिकारियों को भी नहीं पता कि यह गमले कब और कौन निकालकर ले गया।

प्रतिदिन निकलते हैं अधिकारी और जनप्रतिनिधि

मां राजेश्वरी माता मंदिर पुल से प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपने वाहन से आवागमन करते हैं। नगर पालिका अधिकारी, कर्मचारी, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विपक्ष के नेता तथा पार्षदों का आवागमन भी रोजाना ही होता है लेकिन यहां लगे लाखों के गमले कहां गए इस बारे में किसी को कोई पता नहीं है, जो समझ से परे है। दूसरी और महूपुरा रपट मार्ग पर भी अभी तक जालिया ही नहीं लगाई गई है।

इनका कहना है...

मेरी अभी-अभी पोस्टिंग हुई है। जालियां लगी हुई थी इस बारे में मैं दिखवाता हूं। मामले की जांच की जाएगी।

- धीरज शर्मा, सीएमओ-शाजापुर

पांच साल के बच्चे को सांप ने डसा तो पिता ने सांप को मार दिया

बच्चे से पूछा कुछ हो रहा है, बच्चे ने मना किया तो सुला दिया, इंदौर में उपचार के दौरान हुई मौत

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। जिले के शुजालपुर के ग्राम कनाड़िया में एक पांच साल के बच्चे को सांप ने डस लिया। पिता की नींद खुली तो उसने सांप को देख लिया और उसे मार दिया। सुबह जब बच्चे के मुंह से झाग निकले तो बच्चे को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल लाए जहां उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार 5 साल के अंकुर पिता अर्जुन गोस्वामी निवासी ग्राम कनाडिया को उसके परिजन गुरुवार सुबह उपचार के लिये एमवाय अस्पताल लेकर आए। पेशे से कृषक पिता अर्जुन ने बताया कि बच्चे को सांप ने काटा था। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस ने शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया है। परिजन शव को लेकर शुजालपुर रवाना हो चुके हैं। 5 साल के अंकुर का एमवाय अस्पताल में जहर भी निकाला। उसे एंटी वेनम इंजेक्शन भी लगाए, लेकिन शाम तक उसकी मौत हो गई।

सुबह चार बजे देखा सांप

अंकुर के पिता खेती किसानी का काम करते है। उन्होंने बताया कि अंकुर उनके पास ही बिस्तर पर सो रहा था। सुबह करीब चार बजे बाथरूम जाने के लिये उठे। इस दौरान वापस आए तो लाइट चालू करने पर बेटे अंकुर के बिस्तर पर सांप दिखाई दिया। उन्होंने तुरंत लाठी उठाई और सांप को एक तरफ पटका। और वहीं डंडे से पीटकर उसे मार दिया। इस दौरान पास में सो रही उनकी पत्नी आशा देवी और 12 साल की बेटी भी जाग गई। सांप को मारने के दौरान अंकुर भी उठ गया। पिता और मां ने पूछा उसे कुछ हो तो नहीं रहा। उसके हाथ पैर पर देखा तो कोई निशान नहीं दिखाई दिया। कुछ देर बाद उन्होंने अंकुर को सुला दिया और खुद भी सो गए। गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अंकुर की मां आशा उठी तो बेटे के मुंह से झाग आ रहा था। जिसके बाद उन्होंने पति को उठाया। अंकुर को यहां देवास के निजी अस्पताल लेकर आए। उन्होंने इंदौर एमवाय ले जाने की सलाह दी। यहां बेटे की मौत हो गई।

बारिश के दौरान निकल रहे जहरीले जीव-जंतु

बारिश शुरू होते ही घरों में जहरीले जानवरों के घरों तक पहुंचने की घटनाएं होने लगी हैं। बारिश के दिनों में अपने बिलों मे पानी घुस जाने पर ये जीव बाहर निकलते हैं और जहां जगह दिखती है वहां घुस जाते हैं। खुद को खतरे में पाकर ये जीव लोगों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।

शहर में बरसे सावन के सेरे, दिनभर चला रिमझीम बारिश का दौर

झमाझम के लिए अब भी शहरवासियों को इंतजार

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।श्रावण माह में भले ही अभी भी तेज बारिश को लेकर शहरवासियों का इंतजार खत्म नही हुआ है, लेकिन बारिश का दौर जरूर चल रहा है। शुक्रवार को भी नगर में दिनभर रिमझिम बारिश होती रही। जिससे मौसम में ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग की माने तो आगामी 15 अगस्त तक मौसम के यही हाल बने रहेंगे।

इसके पूर्व शहर में बारिश के अभाव में उमस और गर्मी से लोगों का बुरा हाल हो रहा था। जिससे तापमान भी लगातार बढ़ता जा रहा था। इसके बाद मौसम में बदलाव हुआ और आसमान पर बादल छाने लगे। जिससे नगर में तेज बारिश तो नहीं हुई, लेकिन रिमझीम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है और पिछले कुछ दिनों से बादल रिमझीम बारिश के रूप में राहत बरसा रहे हैं। शुक्रवार को भी सुबह से शहर में रिमझीम बारिश होने लगी। जिससे सड़कों पर पानी बह निकला। तो तापमान भी कम हुआ। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि मौसम के यही हाल बने रहेंगे।

अभी भी झमाझम बारिश का इंतजार-मानसून के नगर में प्रवेश करने के बाद से ही शहरवासी झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जो अभी तक नहीं हुई है। हालांकि कई बार तेज बारिश जरूर हुई लेकिन वह भी कुछ देर के लिए और उसके बाद फिर आसमान साफ हो गया। इधर तेज बारिश न होने से फिलहाल किसान चिंतित हैं, क्योंकि फसलों को तेज बारिश की जरूरत है।

प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 नवम्बर को

देवास/दैनिक मालवा हेरालड। भौरासा प्रजापति समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 28 नवम्बर 2023 को सम्मेलन अध्यक्ष रामलाल कुंभकार के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष रामलाल कुंभकार ने बताया कि प्रजापति समाज का दूसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी 2024 तथा तीसरा सम्मेलन 19 अप्रेल 2024 चौथा सम्मेलन 13 मई 2024 को किया जाएगा। प्रथम सम्मेलन के लिए पंजीयन शुरू हो चुका है। श्री कुंभकार ने समाज बंधुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कर सम्मेलन को सफल बनाएं।

विभागीय परीक्षा की तिथि बढ़ाने हेतु आयुक्त वाणिज्यकर को ज्ञापन दिया

देवास /दैनिक मालवा हेराल्ड। अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद जिला देवास द्वारा वाणिज्य कर विभाग में वाणिज्य कर अधिकारी योगेश जाटवा को विभागीय परीक्षा की तिथि बढ़ाए जाने हेतु तथा नए कर्मचारियों को सम्मिलित करने हेतु ज्ञापन देकर मांग की गई है कि विभाग द्वारा जून 2018 में आयोजित सीधी भर्ती चयन कर्मचारी जो 4 वर्ष से अधिक की अवधि से विभाग में पदस्थ हैं विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए कुछ महा शेष है ऐसे कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा आयोजित परीक्षा से संबंधित कार्रवाई जुलाई 2024 तक की जाकर इन्हें भी सम्मिलित किया जाए। ऐसे कर्मचारियों को भी सम्मिलित किया जाए जो 4 वर्ष से अधिक अवधि के पूर्ण हो चुके हैं। विभाग में पदस्थ अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के साथ अन्याय ना हो तथा उन्हें प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित किया जाए। इस अवसर पर परिषद के जिलाध्यक्ष आत्माराम परिहार, विनोद मुरेला, राजेंद्र सिंह मकवाना, संजय चौहान, राहुल मौर्य, राकेश चौहान, विनोद बाथम, अल्ताफ शेख आदि उपस्थित थे।

विधायक कप कबड्डी स्पर्धा हाटपीपल्या में 6 व 7 अगस्त को

स्पर्धा में भाग लेने के लिए 05 अगस्त तक कराएं पंजीयन

देवास /दैनिक मालवा हेराल्ड। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्री हेमंत सुवीर ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुसार प्रदेश में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर ऊर्जा के सदुपयोग के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे। विधायक कप खेल प्रतियोगिता अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र हाटपीपल्या में ओपन आयु वर्ग की कबड्डी पुरुष स्पर्धा दिनांक 6 व 7 अगस्त 2023 को कृषि उपज मंडी प्रांगण में प्रात 09.00 बजे से होगी। पुरूष वर्ग में विजेता को 11,000 उपविजेता को 7,000 व तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपए एवं महिला वर्ग में विजेता को 5,000 उपविजेता को 3,000 व तृतीय पुरस्कार 2,000 रुपए विधायक हाटपीपल्या श्री मनोज चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा ।

इस प्रतियोगिता में अध्ययनरत शिक्षारथ कार्यरत सभी पुरूष एवं महिला भाग ले सकते हैं, विधानसभा का निवासी होना अनिवार्य है। अपने साथ वोटर आईडी, आधार कार्ड दस्तावेज इसे प्रमाणित हो कि आप उस विधानसभा के निवासी हैं। इनके लिये पंजीयन दिनांक 5 अगस्त 2023 तक करवाया जाना अपेक्षित हैं। अधिक जानकारी के लिये सावन उत्पर्या 626101-01646 व रेणु सिंह 97135-53304 युवा समन्वयक खेल और युवा कल्याण विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

संपत्तिकर एवं जलकर की वसुली सख्ती से की जावे-आयुक्त

देवास /दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर निगम की आय के प्रमुख स्त्रोत संपत्तिकर, जलकर, कचरा संग्रहण शुल्क, निगम स्वामित्व की दुकान किराये की वसुली की समीक्षा आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 1 प्रवीण पाठक, राजस्व अधिकारी झोन क्रमांक 2 प्रदीप शास्त्री, राजस्व निरीक्षको व उनके सहायको के साथ बैठक आहूत कर की गई। आयुक्त ने राजस्व अधिकारियो से चालु वित्तीय वर्ष मे डिमाण्ड अनुसार की जा रही वसुली की जानकारी ली तथा निगम सीमा क्षेत्र मे स्थित कुल संपत्तिकरदाताओ के खातो की जानकारी ली तत्पश्चात वार्डवार वार्डो की संपत्तिकर वसुली की जानकारी की समीक्षा की। संपत्तिकर एवं जलकर की जा रही वसुली संतोषप्रद नही होने से दोनो झोन प्रभारियो को आगामी 7 दिवस मे वसुली मे प्रोग्रेस लाने एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो तथा भूमि, भवन स्वामियो जिनके द्वारा बकाया राशि जमा नही की उनसे सतत सम्पर्क कर बकाया राशि जमा करवाये जाने हेतु कहा साथ ही औद्योगिक क्षेत्र से डिमाण्ड अनुसार वसुली नही होने पर उपायुक्त वित्त पुनित शुक्ला को औद्योगिक क्षेत्र से वसुली किये जाने के लिए फोकस किये जाने हेतु कहा। निगम स्वामित्व के जिन प्रतिष्ठानो से करो की राशि जमा नही हुई है उनसे राशि जमा करवायें। संपत्तिकर, जलकर के बडे बकायादारो के द्वारा बकाया राशि जमा नही की जाती है तो कुर्की की कार्यवाही प्रस्तावित करने हेतु कहा। निगम स्वामित्व की ऐसी दुकाने जिनके द्वारा करो की राशि जमा नही की जा रही है उनसे राशि जमा करवाये राशि जमा नही किये जाने की दशा मे दुकानो पर तालाबंदी किये जाने के निर्देश दोनो राजस्व अधिकारियो को दिये। आयुक्त ने सभी वार्ड प्रभारियो से लक्ष्यानुरूप संपत्तिकर एवं जलकर की राशि की वसुली की जाने के निर्देश दिये।

राहुल गांधी की सजा पर रोक, कांग्रेसियों ने की आतिशबाजी

शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। इस खबर के बाद कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं इस खबर के बाद शहर में भी कांग्रेसियों ने फैसले का स्वागत करते हुए आतिशबाजी कर अपनी खुशी का इजहार किया। शुक्रवार को शहर के कांग्रेसी ब्लॉक कांग्रेस इरशाद खान के नेतृत्व में बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और आतिशबाजी की। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर बालकृष्ण चतुर्वेदी वीरेंद्र व्यास, नरेश कप्तान, महेंद्रसिंह सेंगर, इरशाद नागौरी, अकरम अली, इरशाद बूटा, कैलाश मटोलिया, राजीव दुबे, वरूण त्रिवेदी, योगेंद्र वर्मा, सौरभ जैन, प्रदीप रघुवंशी, रेहान खान, मुजफ्फर खान (गब्बर), जहीर बिट्टा आदि उपस्थित थे।

श्री राम कथा का समापन राजतिलक के साथ हुआ

अंतिम दिवस भाव विभोर हुए श्रद्धालु, कथावाचक बाल विदुषी अलकनंदा जी ने बरसाए प्रेम रस

गणमान्य पहुंचे, व्यासपीठ की पूजन की

पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। पचोर कृषि उपज मंडी समिति में चल रही श्रीराम कथा का गत दिवस प्रभु श्री राम के राजतिलक के साथ समापन हुआ! कथा के अंतिम दिवस कथा वाचक बाल विदुषी अलकनंदा दीदी ने मेघनाथ कुंभकरण तथा रावण वध की कथा कही! दीदी ने बहुत ही आकर्षक और भावुक अंदाज में मंदोदरी द्वारा रावण को समझाने तथा श्री राम की शरण में जाने का भावनात्मक चित्रण किया! तत्पश्चात श्री राम जानकी मिलन विभीषण को लंका का राजतिलक प्रभु श्री रघुवीर को ध्यान रखने तथा अयोध्या में उनके राजतिलक का बहुत ही सुंदर चित्रण कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया! कथा में मधुर भजनों पर महिला पुरुष नाचते दिखाई दिए! कथा के अंतिम पड़ाव पर बाल विदुषी अलकनंदा दीदी ने आयोजन समिति के हम्माल तुलावटी व्यापारियों सहित कथा में किसी भी माध्यम से सहयोग करने वाले हर कार्यकर्ता की तारीफ की तथा उनका आभार प्रकट किया! तथा जब आगे यह कहा कि अगर मेरे से कोई गलती हुई हो किसी को ठेस पहुंची है तो मुझे क्षमा करना यह सुनकर वहां बैठे श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू आ गए! अंतिम दिवस नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया अनाज व्यापारी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष महेश गोयल मंडी में विधायक प्रतिनिधि कमल सक्सेना भाजपा नेता मनीष मन्नू यादव कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सीताराम लहरी महेश मालवीय आनंद गोयल आदि ने व्यासपीठ को प्रणाम कर दीदी का आशीर्वाद ग्रहण किया!

सोनी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त!

पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा भाजपा संगठन महामंत्री हितानंद जी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रभारी रणवीर सिंह रावत की सहमति से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता बनवारी सोनी को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया है! फ्री सोनी के इस नियुक्ति पर उन्हें जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं जनप्रतिनिधियों सहित गृह क्षेत्र पचोर के तमाम पदाधिकारियों जनप्रतिनिधियों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है तथा वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है!

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया!

पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। भाजपा महिला मोर्च जिला राजगढ़ का वृहद सम्मलेन पचोर शहर में उत्सव वाटिका में सम्पन्न हुआ।जिसमें विभिन्न कार्यक्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का भाजपा महिला मोर्चा द्वारा स्वागत किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला मोर्चा की प्रदेश चुनाव सह प्रभारी श्रीमति सलाका साल्वी,सारंगपुर विधायक कुंवर जी कोठार,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीं मति अनीता दूबे,भाजपा जिला मंत्री राधेश्याम गुर्जर,विधानसभा संयोजक मोहन गुप्ता,नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोडिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, महिला मोर्चा जिला महामंत्री नीलम सक्सेना, श्री माधवी जी परमार,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कल्पना उपाध्याय महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष श्री मति संध्या पंडित उपस्थित थे।महिला मोर्चा द्वारा महिला स्व सहायता समूह का सम्मेलन आयोजित किया गया था।जिसमें डॉ निशा गूदेनिया,डॉ प्रतिक्षा राणा,ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन वैशाली,डॉक्टर आयुषी माहेश्वरी,डॉक्टर अंसारी सहित महिला पुलिसकर्मी, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष श्री मति संध्या पंडित,महामंत्री सपना सोनी,विनती जुलानिया सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थीं।

बीयर के लिए युवक को पीटने वाले टीआई, पुलिसकर्मियों की आईजी से शिकायत

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। 26 जुलाई को रात्रि 12.30 बजे बिना किसी अपराध के जबरन शराब दुकान से ले जाकर थाने के सामने रोड़ पर लिटाकर प्लास्टिक के लट्ठ से मारपीट करने के मामले में नागझिरी थाने के थाना प्रभारी विक्रमसिंह चौहान, पुलिसकर्मी विजय चौहान, सिविल पुलिसकर्मी तथा टीआई के प्रायवेट ड्रायवर किशन के विरूध्द प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर पुलिस महानिरीक्षक से शिकायत दर्ज कराई तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने तथा विभागीय जांच कर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की। शिकायतकर्ता ने कहा कि थाना प्रभारी सहित पुलिसकर्मियों ने शासकीय पद का दुरूपयोग करते हुए मारपीट की, गालियां दी, कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।इंदौर निवासी वीरेन्द्रकुमार तिवारी पिता स्व. कमलापत तिवारी ने बताया कि मैं नागझिरी शराब दुकान नंबर 2 पर शराब सेल्य इंचार्ज के पद पर कार्यरत हूं।

जिला अस्पताल के डॉक्टर ने निजी अस्पताल में कराई महिला की डिलीवरी, हंगामे के बाद परिजनो ने निजी अस्पताल के बाहर दिया धरना

(डॉक्टर पर दलाल के माध्यम से पैसे मांगने का आरोप)

धार/ मनीष जैन/दैनिक मालवा हैराल्ड । जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर पर एक युवक के माध्यम से रुपए मांगने के आरोप लगे है। जिसको लेकर शहर के मांडू रोड पर स्थित निजी हॉस्पिटल के सामने परिजनों द्वारा डॉक्टर पर कार्यवाही की मांग को लेकर हंगामा किया गया, परिजन अस्पताल के सामने ही धरने पर बैठ गए। हंगामे की सूचना के बाद तहसीलदार दिनेश उईके सहित सीएमएचओ एनएस गेहलोद मौके पर पहुंचे। यहां पर महिला सहित बच्चे को सबसे पहले शासकीय अस्पताल भिजवाया गया। वहीं परिजनों से पूरे घटनाक्रम को समझा, इधर पुलिस हरकत में आई व परिजन जिस युवक पर पैसे मांगने का आरोप लगा रहे थे। उसे थाने पर लेकर आई, जहां पर अब आगे की पूछताछ पुलिस द्वारा की जा रही है।

दरअसल ग्राम छोटा उमरिया निवासी सीमा बाई पति भुरिया उम्र 35 साल को पांच दिन पूर्व परिजनों ने जिला अस्पताल में डिलीवरी के चलते भर्ती किया गया। किंतु महिला की शासकीय अस्पताल में डिलीवरी के बजाय उसे निजी अस्पताल भेजा गया, जहां पर गुरुवार सुबह 4 बजे महिला ने एक बच्चीं को जन्म दिया। जिसके बाद परिजनों से एजेंट ने संपर्क किया तथा 35 हजार रुपए की मांग रखी। परिजनों ने इतने रुपए नहीं होने की बात कही तो एजेंट ने रुपए कम करते हुए 25 हजार मांगे। इधर शासकीय अस्पताल से निजी अस्पताल में महिला को भेजने व डिलीवरी के बाद रुपए अधिक मांगने की जानकारी मिलने पर जयस संगठन के पदाधिकारी निजी अस्पताल पहुंचे व हंगामा शुरु कर दिया। वहीं परिजन भी महिला सहित बच्चें को लेकर अस्पताल से बाहर आ गए।

परिजन के पास थे 10 हजार सामाजिक कार्यकर्ता विजय चौपडा, तहसील अध्यक्ष सुरज खराडिया ने बताया कि महिला को शासकीय अस्पताल के बजाय निजी क्यों भेजा गया, जबकि महिला की डिलीवरी शासकीय में हो सकती थी। वहीं निजी अस्पताल में भी उसी डॉक्टर ने आकर डिलीवरी करवाई, जो शासकीय अस्पताल में पदस्थ है। अब नार्मल डिलीवरी के नाम पर 35 हजार रुपए एजेंट के माध्यम से मांगे जा रहे है। महिला के पति भुरिया ने बताया कि पांच दिन से जिला अस्पताल में भर्ती थे, कल बताया कि डिलीवरी यहां पर नहीं होगी। जिसके बाद एक अभिमन्यु नाम का युवक आया व उसने निजी अस्पताल में बेहतर डिलीवरी की बात कही। जहां पर आज सुबह पत्नी ने बच्चीं को जन्म दिया, युवक 35 हजार रुपए मांग रहा था। किंतु परिवार के पास 10 से 12 हजार रुपए ही थे।

महिला को बिठाया पेड़ के नीचे इधर डिलीवरी के रुपए मांगने को लेकर चल रहे हंगामे के बीच महिला अपनी बच्चीं को हाथ में लेकर अस्पताल से कुछ दूरी पर पेड के नीचे बैठी नजर आई। तहसीलदार मौके पर पहुंचे व महिला से स्वास्थ्य को लेकर बातचीत की। जिसके बाद एंबुलेंस बुलाकर महिला सहित बच्चीं को सुरक्षित जिला अस्पताल में भिजवाया गया। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर नीरज बागडे ने ही महिला की निजी अस्पताल में डिलीवरी करवाई तथा एक युवक ने रुपए मांगे थे। इधर परिजनों ने जिस डॉक्टर बागडे पर आरोप लगाए हैं, उनके खिलाफ पहले भी इसी प्रकार की शिकायत आ चुकी है। किंतु हमेशा डॉक्टर बागडे अपनी राजनैतिक पकड के चलते कार्यवाही से बच जाते है। अब देखना होगा कि डॉक्टर पर स्वास्थ्यह विभाग क्या कार्यवाही करता है।

मंडी बोर्ड स्थापना के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया गया स्वागत सम्मान »»अनाज व्यापारी संघ के जिलाध्यक्ष गोयल रहे मुख्य अतिथि

पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड। मध्य प्रदेश मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण मध्यप्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं! पचोर मंडी सचिव एलएन भिलाला के अनुसार 4 अगस्त 1973 को मध्य प्रदेश मंडी बोर्ड की स्थापना की गई थी इस हेतु मुख्य कार्यक्रम मध्य प्रदेश के कृषि मंत्री श्री कमल पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में रखा गया है जहां पर कि सभी मंडी सचिवों को बुलाया गया है! वहीं जिले की मंडियों में स्थापना दिवस की स्वर्ण जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसके अंतर्गत पचोर कृषि उपज मंडी समिति में यह आयोजन रखा गया! कार्यक्रम में पूर्व मंडी डायरेक्टर तथा जिला अनाज व्यापारी एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष महेश गोयल मुख्य अतिथि रहे वही विशेष अतिथि के रूप में कृषि उपज मंडी समिति में विधायक प्रतिनिधि कमल सक्सेना तथा भाजपा नेता मनीष मन्नू यादव उपस्थित थे! कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारी भागीरथ नागर प्रेम नारायण नागर तुलसीराम नागर रामनिवास विजय मांगीलाल अहिरवार रमेश चंद नागर मूलचंद सोलंकी नरसिंह बैरागी भंवरलाल चौहान का तिलक लगाकर माल्यार्पण कर शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया! बाहर क्रम में मुख्य अतिथि विशेष अतिथि समेत मंडी सचिव एलएन भिलाला तथा युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी राधेश्याम नागर का भी सम्मान किया गया! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विशेष अतिथि तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान मंडी सचिव भिलाला सहित बाबूलाल जी भिलाला मोड लाल मालवीय दिनेश नकवाल अंबाराम भिलाला चन्दरसिंह चौहान राजमल राजपूत दिनेश नकवाल सतीश भिलाला सरदार सिंह चौहान रमेश चंद जाटव शिवनारायण यादव राजेश गोहिया दिनेश शर्मा ने किया! कार्यक्रम का संचालन सतीश भिलाला तथा आभार मंडी सचिव एलएन भिलाला ने व्यक्त किया!

21 अगस्त को निकलेगी भव्य कावड़ यात्रा हजारों की संख्या में कांवड़िए होंगे शामिल (भाजपा जिलाध्यक्ष सोमानी करेंगे यात्रा का नेतृत्व)

धार/ मनीष जैन/दैनिक मालवा हैराल्ड । सावन के महीने की शुरुआत के बाद से ही चारो ओर बोल बम बोल बम के जयकारे सुनाई देने लगे है। इस अवसर पर यहां भी बड़े स्तर पर कावड़ यात्रा निकालने की तैयारियां शुरू हो गई है। श्री उत्तम सेवा न्यास के तत्वावधान में 21 अगस्त को धूमधाम से भव्य माहिजी कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा संयोजक भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी है।

सोमानी ने बताया कि कावड़ यात्रा निकालने का यह 15 वर्ष है। यात्रा 21 अगस्त को सुबह 8 बजे माही तट से पूजा पाठ के बाद शुरू होगी। वहां से कावड़िए पवित्र जल भरकर रवाना होंगे। वहां से यात्रा भैंसोला, सेमलखेड़ा, लीलीखेड़ी, संदला फाटा होते हुए बदनावर नगर में प्रवेश करेगी।

इस दौरान नगर समेत रास्तेभर कावड़ियों का स्वागत किया जाएगा। यात्रा नगर भृमण के बाद श्री बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचेगी। जहाँ भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाया जाएगा। यात्रा संरक्षक उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव व राज्यमंत्री राजेश अग्रवाल है। बता दें कि यात्रा की तैयारियों को लेकर गत दिनों ग्राम भैंसोला में बैठक भी संपन्न हो चुकी है। यात्रा को लेकर नगर समेत पूरे पश्चिम क्षेत्र में उत्साह देखा जा रहा है।

मुस्कान अभियान ने लौटाई खुशियां परिजनो ने पुलिस की पीठ थपथपाई

(एक नाबालिग 4 महिनों से अधिक तो दूसरी भी कई दिनों से थी लापता)

धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हैराल्ड। पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान अभियान में अमझेरा पुलिस को दो नाबालिग बालिकाओं को दस्तयाब करने में सफलता मिली है। नाबालिग बालिकाएं 4 माह के अधिक समय से लापता थी जिसे अमझेरा पुलिस ने अपने परिजनों के मिलवाया है। पुलिस विभाग को सरदारपुर तहसील में ऑपरेशन मुस्कान के सकारात्मण परिणाम मिले है। सरदारपुर क्षेत्र में ऑपरेशन मुस्कान के तहत 3 माह में करीब 26 नाबालिग गुमशुदा बालिकाओं को खोजने में सफलता मिली है।

दअरसल पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 1 अगस्पत 2023 से चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इंद्रजीत बाकलवार के मार्गदर्शन में एसडीओपी सरदारपुर आशुतोष पटेल के नेतृत्व में नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु लगातार विशेष प्रयास किए जा रहे थे। अभियान के शुरुआती दिनों में ही अमझेरा पुलिस ने दो नाबालिगो को दस्तयाब किया है।

जानकारी के अनुसार अमझेरा थाने में दो नाबालिगों की परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। एक नाबालिग 4 महिनों से अधिक तो दूसरी भी कई दिनों से लापता थी। दोनों नाबालिगो को अमझेरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दस्?तयाब किया है। दोनों प्रकरणों में गुमशुदा बालिका को खोजने में उपनिरीक्षक राज शेखर वर्मा, चौकी प्रभारी केशवी एवं उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह सिंगोड़ एवं थाना अमझेरा टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न

धार /मनीष जैन/दैनिक मालवा हैराल्ड। भाजपा जिला कार्यालय पर आगामी संगठनात्मक कार्यो को लेकर कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई।

इस दौरान जिला प्रभारी श्याम जी बंसल, अध्यक्ष मनोज जी सोमानी ,प्रदेश महामंत्री(किसान मोर्चा)दिलीप जी पटोदिया, जि.प अध्यक्ष सरदार जी मेडा, प्रदेश मंत्री जयदीप जी पटेल, विधानसभा संयोजक राज बर्फा जी,सहित सभी भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में सभी पात्रों के नाम जोड़ें और मृत मतदाताओं के नाम हटाए जाए - कलेक्टर मिश्रा

धार/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बदनावर और सरदारपुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कानवन के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में खुरासानी इमली का पौधा रोपा। साथ ही मतदान केंद्र का निरीक्षण कर बीएलओ से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के तहत की गई कार्यवाही का ब्योरा लिया। इसके पश्चात उन्होंने बदनावर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां उपस्थित बीएलओ से मतदाता सूची प्राप्त कर सूची का अवलोकन करते हुए बीएलओ को निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम में कोई भी मतदाता छूटे नहीं। मृत मतदाताओं के नाम हटाए जाए। कलेक्टर मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला राजोद पहुंचकर विद्यार्थियों से निर्वाचन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने वहां उपस्थित प्राचार्य को स्कूल के उपस्थिति रजिस्टर में बच्चों की उम्र देख उनके मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ को भी निर्देश दिए की विधानसभा में 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में अनिवार्यता जोड़े जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने एसडीएम दीपक चौहान तथा राहुल चौहान को निर्देशित किया कि ईपिक रेश्यो को बढ़ाने के लिए जनसंख्या की जानकारी संकलित कर समग्र के डेटाबेस से सहायता लेकर ईपिक रेशो बड़ाए। साथ ही मतदान केंद्रों पर पानी, बिजली, शौचालय एवं रैंप की भी व्यवस्था हो।

पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सचिन यादव ने शिवभक्ति और मातृ पितृ भक्ति के साथ बोरावां से प्रारंभ की तीसरे दिन की आस्था यात्रा

अरूण, सचिन और हर्ष यादव शिवभक्ति के रंग में डूबे

खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मप्र के पूर्व कृषि मंत्री रहे विधायक सचिन यादव ने आज शुक्रवार को शिवभक्ति और मातृ पितृ भक्ति के साथ अपने गृहगांव बोरावां से तीसरे दिन की आस्था यात्रा प्रारंभ की । श्री यादव ने प्रातः राधाकृष्ण मंदिर में पहुँचकर भगवान श्री गणेश और शिव का पूजन कर जलाभिषेक किया । उन्होनें मंदिर में सभी देवी देवताओं का भी पूजन किया । इसके साथ ही अपने पिता स्व. सुभाष यादव के फोटो के समक्ष शीष नवाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सचिन यादव के चरण स्पर्श करने पर उनकी माताजी श्रीमती दमयंती यादव ने भी उन्हें अपना स्नेहाशीष दिया। अपने बेटे हर्ष यादव के साथ अरूण यादव और सचिन यादव आस्था यात्रा के दौरान भक्ति के रंग में डूबे हुए नजर आए। महिलाओं के आग्रह पर उनके साथ भजनों की धुन पर तीनों ने ओझरा में नृत्य भी किया ।

बोरावां से आस्था यात्रा के प्रारंभ होने पर विधायक केदार सिंह डाबर भी मौजूद थे । श्री यादव और आस्था यात्रियों ने मण्डी परिसर में पवित्र त्रिवेणी का रोपण कर वृक्षारोपण भी किया। यहाँ पर श्री यादव और आस्था यात्रियों का बोरावां वासियों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं और इंजीनियरिंग कॉलेज जे.आयटी. के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने अपूर्व उत्साह के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया । आस्था यात्रा का गाँवों में महिलाओं द्वारा बढ़-चढकर स्वागत किया जा रहा है और वे आस्था यात्रा में भी सहभागी बन रही है । अरूण यादव, सचिन यादव और हर्ष यादव ने सावदा, ओझरा और गोपालपुरा में भी त्रिवेणी का रोपण किया।

आस्था यात्रा से गॉवों में बही शिवभक्ति की बयार -पूर्व कृषि मंत्री और विधायक सचिन यादव ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की भक्ति से ओतप्रोत इस आस्था यात्रा के मार्ग में आने वाले गॉवों के लोग भी सैकड़ों की संख्या में शामिल होकर पैदल चल रहे हैं । ग्रामीणों द्वारा हर स्थान पर आस्था यात्रा का भव्य स्वागत किया जा रहा है । शिवभक्ति से सभी आस्था यात्रियों को दैवीय उर्जा मिल रही है । पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने कहा कि जनकल्याण, खुशहाली और प्रकृति के संवर्धन और संरक्षण हेतु निकाली जा रही इस 6 दिवसीय आस्था यात्रा में भक्ति की बयार बह रही है । आस्था यात्री और मार्ग में आने वाले गॉवों के ग्रामीण शिवभक्ति से ओतप्रोत हैं । आज शुक्रवार को बोरावां से प्रारंभ हुई आस्था यात्रा सावदा और ओझरा होते हुए गोपालपुरा में दोपहर भोज के लिए विराम लेगी । इसके बाद छोटी कसरावद होते हुए 14 किमी का सफर तय कर सायंकाल को कसरावद पहुँचेगी ।

अरूण यादव और सचिन यादव से निमाड़ को मिला संबल-विगत तीन दिनों से आस्था यात्रा में साथ चल रहे ग्राम दाउदखेड़ी के आदिवासी तुलसीराम जमरे ने बताया कि सचिन यादव और अरूण यादव के साथ आस्था यात्रा में जगह जगह मेरा भी स्वागत हो रहा है । इस स्वागत से मुझे अत्यंत खुशी हो रही है । तुलसीराम जमरे ने अपने हाथ पर टैटू के रूप में अरूण यादव का नाम अंकित करा रखा है । तुलसीराम ने बताया कि स्व. सुभाष यादव के बाद अरूण यादव और सचिन यादव ने गरीब कार्यकर्ताओं और निमाड़ अंचल को संबल प्रदान किया है । खामखेड़ा के लक्ष्मण पटेल , अवरकच्छ के छगन राठौर और कवड़ी गॉव के युवा पवन यादव ने बताया कि हम इस आस्था यात्रा के स्थाई यात्री है। आस्था यात्रा के दौरान रोजाना भगवान शिव की आराधना रहे हैं । आस्था यात्रा के छटे दिन सोमवार को समापन अवसर पर कठोरा में नर्मदा माई का दर्शन पूजन करेंगे और भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से अभिषेक भी करेंगें ।

संत रविदास जी की समरसता यात्रा और मुख्य मंत्री के आगमन को लेकर वर्मा ने चलाया था प्रचार रथ

भवानी शंकर वर्मा भाजपा से आगर विधानसभा के लिये कर रहे प्रबल दावेदारी

सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड (गिरिराज बंजारिया)। संत रविदास समरसता यात्रा के बहाने आगर में मेघवाल समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भवानी शंकर वर्मा ने प्रबल दावेदारी पेश की।

आपको बता दे कि भवानी शंकर वर्मा भवानी बीजेपी के अजा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रहते लगातार 2018 से अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। वर्ष 2020 के उप चुनाव में वर्मा का नाम लगभग फाइनल माना जा रहा था। वर्मा जिस मेघवाल समाज से आते हैं वह समाज निर्णायक भूमिका में हैं। आगर, सुसनेर में मेघवाल समाज जिस को चाहे वही विधानसभा में जाता है। थोड़े समय बाद चुनाव होने वाले हैं ऐसे मैं सभी देवदार अपनी ताकत झोंक रहे हैं। वहीं वर्मा ने भी अपना प्रचार रथ चलाकर सबको चौका दिया। वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल के साथ गत दिनों भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर आगर विधानसभा के लिए प्रबल दावेदारी पेश की थी। वर्मा को अवसर मिला तो बीजेपी आसानी से चुनाव जीत हासिल कर लेगी।

कांग्रेस इस बार 150 से अधिक सीटें जीतेगी - सज्जन सिंह वर्मा

ब्लॉक कांग्रेस जावद व रतनगढ़ के नेतृत्व में पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा का नयागांव में हुआ ढोल, नगाड़ों व भव्य आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत

नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड। अल्प प्रवास पर नीमच पहुंचे मध्य प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक सज्जन सिंह वर्मा के नयागांव पहुंचने पर जावद चौराहे पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया, जावद के पूर्व जनपद अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल, ब्लॉक कांग्रेस जावद अध्यक्ष ओमप्रकाश राव, रतनगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद सिंह सांडा, जिला संगठन मंत्री बृजेश मित्तल , ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नीमच राकेश अहीर की प्रमुख उपस्थिति एवं जावद विधानसभा के समस्त कांग्रेसजन की बड़ी संख्या में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह जी वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री को 151 किलो वजनी फूलों की माला पहनाई गई। ढोल ढमाकों के साथ भव्य अगवानी की गई। स्वागत से अभिभूत पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने जिलाध्यक्ष सहित कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार व कांग्रेस कार्यकर्ताओ से चर्चा की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा की हम 150 से अधिक सीटें जीतकर कांग्रेस की सरकार बनाने जा रहे है। सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत के साथ चुनाव की तैयारियों में जुटना है। हमे गद्दारों से लड़ना है । प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने पोलिंग बूथ की जिताने की जिम्मेदारी लेकर कार्य करे। आमजनता, किसान सहित हर वर्ग भाजपा की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त हो चुका है। वर्ष 2018 के चुनाव में भी कांग्रेस को जनता ने जिताया था, पर भाजपा ने लोकतंत्र का मजाक बनाकर , लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर कांग्रेस के गद्दार विधायको को खरीद कर कांग्रेस की सरकार गिराई थी। इस बार जनता इन चोरों को कोई मौका नहीं देगी। भाजपा को आने वाले चुनाव में जनता बुरी तरह से हराएगी। पूर्व मंत्री श्री वर्मा नयागांव से उदयपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। निंबाहेड़ा में होटल राज पैलेस पर कांग्रेस नेता छोटी सादड़ी के उप प्रधान विक्रम जी आंजना के नेतृत्व में पूर्व मंत्री का जोरदार स्वागत हुआ। यहां नेताओं व कार्यकर्ताओ का सहभोज हुआ। यहां से वे श्री सांवरिया सेठ जी व वहां से डबोक एयरपोर्ट के लिए निकले।

दो दर्जन से अधिक वाहनों के काफिले के साथ किया नीमच में प्रवेश-पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का काफिला दो दर्जन से अधिक वाहनों के काफिले के साथ नीमच में प्रवेश हुआ। यहां से वे जावद होते हुए नयागांव पहुंचे द्व जहां से भी पूर्व मंत्री का काफिला गुजरा वाहनों की संख्या बढ़ती गई जो डबोक तक साथ रही। इसके पूर्व नीमच में आने से पूर्व , आने के बाद व यहां से नयागांव पहुंचने तक जगह जगह भव्य स्वागत हुआ।

मध्य प्रदेश मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड(गिरिराज बंजारिया)। मध्य प्रदेश मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज प्रांतीय संगठन के द्वारा 2 अगस्त को आगर मैं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चोहान को बाबा बैजनाथ महादेव की चांदी की प्रतिमा भेंट की। आपको बता दे कि मेड क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रांतीय सचिव देवीलाल सोनी ने बताया कि मध्य प्रदेश में स्वर्ण कला बोर्ड की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई जिसकी समाज में प्रशंसा है। बोर्ड के गठन की घोषणा पर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया गया है। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के सर्वेक्षक पुर्व विधायक बद्रीलाल सोनी व अन्य समाज जन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मेड क्षेत्रीय स्वर्णकार समाज के जिलाध्यक्ष मांगीलाल सोनी ने दी।

कम है पैसा कम है दाना कैसे दे बच्चों को खाना कलेक्टर कार्यालय में गूंजा नारा, महिलाओं ने गैस सिलेंडर उठाकर की परिक्रमा, जमकर बजी बेलन और थालियां, 48 घंटो की चेतावनी

नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड। कम है पैसा, कम है दाना, कैसे दे बच्चों को खाना। यह नारा गुंजायमान करते हुए महिला स्वयं सहायता समूह और मध्यान्ह भोजन सांझा चुल्हा रसोईया संघ की महिलाओं ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए कलेक्टर कार्यालय पर जंगी प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी एवं स्कूलों में कार्य करने वाली महिला स्व सहायता समूह और रसोईया करीब 200 से अधिक संख्या में नीमच के कलेक्टर कार्यालय पर लामबंद होकर पहुंची। उन्होंने जमकर थालियां और बेलन बजाकर सरकार को जगाने की कोशिश की। गैस सिलेंडरों को अपने कंधे पर उठाकर पूरे कलेक्टर कार्यालय का चक्कर काटा। तहसीलदार कविता कड़ेला को ज्ञापन सौंपा और अपनी 12 सूत्रीय मांगे रखी। चेतावनी दी कि यदि 48 घंटों में हमारी मांगे नहीं मानी गई तो 6 अगस्त से हम सभी स्व सहायता समूह और रसोईया बहने तहसील मुख्यालय के पास अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठेंगे। इनकी मुख्य मांग है कि प्राथमिक शाला में प्रति छात्र भोजन पकाने की दर 10 रूपए और माध्यमिक शाला में प्रति छात्र भोजन दर 15 रूपए बढ़ाई जाए। प्राथमिक शाला के छात्र हेतु खाद्यान्न 200 ग्राम और माध्यमिक शाला के छात्र हेतु खाद्यान्न 300 ग्राम किया जाए। मध्यान भोजन पकाने हेतू रसोइयों को पारिश्रमिक 6000 रूपए प्रति माह हो। बताते चले कि जिले में 850 स्व सहायता समूह और 2200 महिलाएं मध्यान्ह भोजन बनाने के काम में संलग्न है। ज्ञापन का वाचन पिंकी शर्मा ने किया।

50 वर्ष पूर्ण होने पर कृषि उपज मंडी में स्वर्ण जयंती महोत्सव आयोजित

सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड (गिरिराज बंजारिया)। मंडी बोर्ड स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव कार्यक्रम प्रदेश की सभी मंडियों के साथ-साथ कृषि उपज मंडी सुसनेर में गुरुवार को आयोजित किया गया।

आपको बता दे कि स्वर्ण जयंती महोत्सव में क्षेत्र के विधायक राणा विक्रम सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की मैं जब कृषि उपज मंडी समिति सुसनेर का अध्यक्ष था तब मैंने मंडी को सुचारू रूप से चलाने के लिए किसानों और मंडी व्यापारियों की बैठक रख मंडी को प्रगति की ओर चलाने के लिए बैठक में प्रस्ताव पारित किए जो आज तक मंडी सुचारू रूप से चल रही है और आय मैं बहुत अधिक बढ़ोतरी हुई है। स्वर्ण जयंती महोत्सव में मंडी व्यापारियों का सम्मान एवं कर्मचारियों का सम्मान क्षेत्र के विधायक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर,भाजपा मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह कलारिया,पूर्व मंडी अध्यक्ष रतन सिंह परमार ,डॉ.धीरेंद्र पांडे,मीसाबंदी गोवर्धन शुक्ला,मार्केटिंग सोसायटी अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह कावल,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया ,नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन खुंप वाला ,पूर्व मंडल अध्यक्ष महावीर जैन ,पूर्व मंडल अध्यक्ष मांगीलाल सोनी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया,पत्रकार एंव सामाजिक कार्यकर्ता गिरिराज बंजारिया,कालू सिंह चौहान,मंडी व्यापारी अध्यक्ष राजमल जैन खुंप वाला,महावीर जैन, फहीमुद्दीन मंसूरी,निर्मल जैन मोड़ी, पुष्पेंद्र जैन,पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा,अर्जुन जादमे,युगल किशोर परमार,पार्षद नईम अहमद मेव,राकेश क़ानूडिया, किसान मोर्चा पुर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम सुर्यवंशी,विधायक प्रतिनिधि अमर सिंह सिसोदिया,मंडी कर्मचारी राजकुमार जादमे,राजेश जैन,सलीम बैग, विष्णु सिंह चंद्रावत, हरिनारायण मगोरिया, उमेश अग्रवाल सहित किसान एंव अन्य जन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप जैन ने किया एवं आभार कृषि उपज मंडी समिति के सचिव राजेंद्र शर्मा ने माना।

स्वर्ण जयंती महोत्सव के पश्चात कृषि उपज मंडी प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कृषि उपज मंडी मैं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया एवं मंडी के हिम्माल एवं तुलावठी के साथ किसानों का भी सम्मान किया गया ।

सड़क, नाली से वंचित रहवासी, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

सोयत कला/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर के वार्ड क्रमांक 5मे स्थित नगर परिषद के पीछे के रहवासी सड़क,नाली व बिजली की सुविधा से वंचित हैं। बरसात के दिनों में आमजन कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। वहीं बच्चों को भी स्कूल आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आवागमन के लिए इस मार्ग के अलावा अन्य कोई रास्ता नहीं है। जिसके चलते स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों व आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले में नालियां न बनी होने के कारण अर्से से गंदा पानी मकानों मे भर रहा है। वर्षा होने पर हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं। मोहल्ले में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। इस समय सड़क पर जलभराव रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासीं का कहना है कि समस्या समाधान की मांग को लेकर पहले कई बार संबंधित विभागीय अफसरों व जनप्रतिनिधियों से मांग भी की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि बाजार जाने के लिए भी किचड़ भरे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। मोहल्ले में दवा का छिड़काव न होने से मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है। इसके अलावा कई कालोनियां सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जगह-जगह पर खाली पड़े प्लांटों में बारिश का पानी जमा होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बड़ रहा है। तथा बिमारियां फैल रही है। मरिजों की संख्या भी नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ रही है। नगर परिषद द्वारा दवाई का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है। नगर के वार्ड 5 के निवासियों द्वारा नगर परिषद के जनप्रतिनिधियो व अधिकारियों से वार्ड में रोड़ निर्माण व पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराने की मांग कई बार की गई, परन्तु नगर परिषद द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसका खामियाजा वर्षा के मौसम में स्कूली बच्चों व मोहल्लेवासियों को भुगतना पड़ रहा है। मामले में जब नगर परिषद सीएमओ देवेंद्र वत्स से चर्चा की तो उनसे बात नहीं हो पाई।

इनका कहना

8 दिन पहले नगर परिषद के पीछे रहने वाले लोगों ने परिषद पहुंचकर सड़क बिजली व नाली निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया।

-सुमित राठौर सोयत कला

श्रीमद्भागवत महापुराण में श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन

बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड। पंड्या परिवार सुंदराबाद में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के पंचम दिवस पंडित कैलाश नारायण जी शर्मा ने रुकमणी मंगल का बहुत ही मार्मिक चित्रण किया। भगवान श्री कृष्ण से रुक्मणी कहती है कि %हे नंद-नंदन! आपको ही पति रूप में वरण किया है। मैं आपको छोड़कर किसी अन्य पुरुष के साथ विवाह नहीं कर सकती, मेरे पिता मेरी इच्छा के विरुद्ध मेरा विवाह शिशुपाल के साथ करना चाहते हैं। विवाह की तिथि भी निश्चित हो गई। मेरे कुल की रीति है कि विवाह के पूर्व होने वाली वधु को नगर के बाहर गिरिजा का दर्शन करने के लिए जाना पड़ता है। मैं भी विवाह के वस्त्रों में सज-धज कर दर्शन करने के लिए गिरिजा के मंदिर में जाऊंगी। मैं चाहती हूं, आप गिरिजा मंदिर में पहुंचकर मुझे पत्नी रूप में स्वीकार करें। यदि आप नहीं पहुंचेंगे तो मैं आप अपने प्राणों का परित्याग कर दूंगी। श्रीमद्भागवत महापुराण में श्री कृष्ण और रुक्मणी का विवाह किया गया। इस विवाह के साक्षी ग्रामीण जन बने भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक झांकी बारात गांव के मुख्य मार्गो से निकली। जिसमें धर्म प्रेमी जनता माता और बहनों नृत्य कर रही थी। पंडित ब्रह्मदत्त शर्मा एवम आदित्य शर्मा ने मंगलाचार का उच्चारण किया। गांव की प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमती ज्योति पंड्या ने बारात की अगवानी की एवम महिला मंडल के साथ बारात का स्वागत किया।

नवदिवसीय सुदर्शन शतक अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। भगवान तिरूपतिधाम हनुमान बाग के सामने बड़नगर रोड़ पर अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू स्वामी श्री रामानुजाचार्य स्वामी श्रीश्री कांताचार्य महाराज के सानिध्य में पुरषोत्तम मास में नवदिवसीय सुदर्शन शतक अनुष्ठान की पूर्णाहुति आज शनिवार 5 अगस्त को शाम 5 बजे तिरूपतिधाम में होगी। श्याम सिकरवार, दिनेश सुखनंदन जोशी, विजय बांगड़, पं. मनोज तिवारी, जियालाल शर्मा, ओमप्रकाश बियाणी ने धर्मप्राण जनता से अनुष्ठान में भाग लेने का अनुरोध किया है।

गोदरेज एग्रोवेट के डबल की नई पैकेजिंग दिल छू गई

»»»» चैनल पार्टनर्स एवं किसानों को प्राप्त पैक्स पर सिक्योरिटी फीचर्स
»»»»कंपनी का एक महीने में 6,000 डेमॉन्स्ट्रेशंस करने का इरादा है

मुंबई/जीएनएस। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस ने आज बताया कि कंपनी का बायोस्टिमुलेंट, डबल बाजार में जबरदस्त रफ्तार पकड़ रहा है। किसानों को नकली उत्पादों से बचाने के उद्देश्य से हाल ही में शुरू की गई डबल पैकेजिंग को चैनल भागीदारों और किसानों द्वारा शानदार प्रतिक्रिया मिली है।

जीएवीएल ने पिछले महीने डबल के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नए सेलिब्रेटिव पैक को लॉन्च किया। उपयोगकर्ता के अनुकूल और सुरक्षित पैकेजिंग वाले इस बोतल में नकल से बचने के लिए ऐसा सील और जटिल वॉटरमार्क है जिसके के साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, इसमें प्रामाणिकता सुनिश्चित करने के लिए बोतल पर होलोग्राम भी है और दृष्टिबाधितों के लिए इसकी नेक पर खतरे का निशान है जो 'ब्रेल' में अंकित है।गोदरेज एग्रोवेट के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ङ्क राजावेलु एनकेकहते हैं, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में हमारे चैनल भागीदारों से अद्भुत प्रतिक्रिया मिलना उत्साहजनक है। हमारी नवीन पैकेजिंग की भारी स्वीकृति, बाजार में मिल रहा जबरदस्त प्रतिसाद, हमें काफी आशान्वित करता है, चूंकि हम आगामी प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर (पीजीआर) सीज़न की उत्सुकता से उम्मीद कर रहे हैं।

उत्पाद और नई पैकेजिंग के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए, कंपनी ने डबल डेमो मंच शुरू किया है। यह मंच इसी वर्ष 15 जुलाई को शुरू हुआ और इस साल 15 अगस्त तक बना रहेगा। कंपनी कपास उत्पादक राज्यों में 6,000 डेमॉन्स्ट्रेशंस करने की योजना बना रही है ताकि सभी चिंताओं को दूर किया जा सके और किसानों को प्रामाणिक उत्पाद का उचित और अनुशंसित मात्रा में उपयोग के लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की जा सके। पिछले 25 वर्षों में, डबल ने रूपांतकारी बदलावों को उत्प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और लगभग 3 करोड़ एकड़ कृषि भूमि का उपचार किया है जिससे लगभग 2 करोड़ किसान परिवारों का जीवन काफी बेहतर हुआ है। जीएवीएल किसानों को सशक्त बनाने, टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने और देश के कृषि विकास में योगदान करने के अपने मिशन में दृढ़संकल्पित है।

सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन में भारत बनेगा ग्लोबल सेंटर!

भारत सेमीकंडक्टर(अर्धचालक) प्रोडक्शन (उत्पादन) में अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। यह वाकई अत्यंत ही काबिलेतारिफ है कि भारत सरकार हमारे देश को सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन में ग्लोबल सेंटर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सर्वप्रथम हमें यह जानने की जरूरत है कि आखिर सेमीकंडक्टर होते क्या हैं और उनका उपयोग क्या है ? तो इस संबंध में जानकारी देना चाहूंगा कि अर्धचालक (सेमीकंडक्टर) या एडवांस्ड माइक्रोचिप उन पदार्थों को कहते हैं जिनकी विद्युत चालकता चालकों (जैसे ताँबा) से कम किन्तु अचालकों (जैसे कांच) से अधिक होती है। सिलिकॉन, जर्मेनियम, कैडमियम सल्फाइड और गैलियम आर्सेनाइड आदि कुछ सेमीकंडक्टर पदार्थों के उदाहरण हैं। जानकारी मिलती है कि आधुनिक युग में प्रयुक्त तरह-तरह की युक्तियों (डिवाइसेज) के मूल में ये अर्धचालक या सेमीकंडक्टर पदार्थ ही हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि सेमीकंडक्टर पदार्थों की सहायता से ही पहले डायोड बनाया गया और फिर ट्रांजिस्टर। वास्तव में सच तो यह है कि इन्हीं के कारण एलेक्ट्रॉनिक युग की असली शुरूआत हुई। विद्युत और एलेक्ट्रानिकी में इनकी बहुत बड़ी भूमिका रही है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अर्धचालक प्रकाश एवं अन्य विद्युत संकेतों को आवर्धित (एम्प्लिफाई) करने वाली युक्तियाँ बनाने, विद्युत संकेतों से नियंत्रित स्विच बनाने, तथा ऊर्जा परिवर्तक के रूप में काम करते हैं और आज के इस आधुनिक युग में सेमीकंडक्टरों का बहुत बड़ा उपयोग व महत्व है। पाठकों को शायद ही इस बात की जानकारी होगी कि मिसाइल गाइडेंस प्रणाली, विमानन और नौसैनिक नौवहन के साथ कई अन्य रक्षा प्रणालियों के लिए सेमीकंडक्टर बहुत जरूरी हैं। ऐसे में सेमीकंडक्टर चिप की कमी दूर करने के लिए, भारत को अपने इस उद्योग को बढ़ावा देना आवश्यक हो गया है और जानकारी देना चाहूंगा कि इसी क्रम में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में इंडिया सेमिकॉन सम्मेलन का उद्घाटन किया है। इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी फर्मों को भारत में सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने के लिए 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता देने की बात भी कही है। वास्तव में आज का युग सूचना क्रांति का युग है, कम्प्यूटर, एंड्रॉयड मोबाइल, इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का युग है और इस युग में सेमीकंडक्टरों का जितना महत्व है उतना शायद किसी अन्य चीजों का नहीं। अब तक जापान, चीन, ताइवान, दक्षिणी कोरिया और अमेरिका जैसे देश ही सेमीकंडक्टर उत्पादन में आगे रहे हैं और भारत सेमीकंडक्टरों के लिए विदेशों पर ही निर्भर रहा है लेकिन अब भारत इस क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए निरंतर आगे बढ़ता दिख रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि 80 प्रतिशत सेमीकंडक्टरों का निर्माण एशिया में ही होता है और दुनिया के सर्वाधिक उन्नत किस्म के सेमीकंडक्टर के 92 प्रतिशत का निर्माण ताइवान में होता है। ताइवान इस क्षेत्र में अग्रणी है। एक जानकारी के अनुसार सेमीकंडक्टर का मार्केट दुनियाभर में करीब 500 अरब डॉलर का है । बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप की एक रिपोर्ट के अनुसार, सेमीकंडक्टर दुनिया में चौथा सबसे ज्यादा ट्रेड होने वाला प्रोडक्ट है। इसमें दुनिया के 120 देश भागीदार हैं। सेमीकंडक्टर से ज्यादा ट्रेड सिर्फ क्रूड ऑयल, मोटर व्हीकल व उनके कल-पुर्जों और खाने वाले तेल का ही होता है। जानकारी मिलती है कि कोरोना से पहले साल 2019 में टोटल ग्लोबल सेमीकंडक्टर ट्रेड की वैल्यू 1.7 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई थी। जानकारी देना चाहूंगा कि सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले मैन्युफैक्चरिंग एक बहुत ही जटिल एवं प्रौद्योगिकी-गहन क्षेत्र है जिसमें भारी पूंजी निवेश, उच्च जोखिम, लंबी अवधि तथा पेबैक अवधि तथा प्रौद्योगिकी में तीव्र बदलाव शामिल हैं, जिसके लिये महत्त्वपूर्ण और निरंतर निवेश की आवश्यकता होती है। भारत में फेब्रिकेशन क्षमताओं की भी विदेशों की तुलना में अब तक कमी थी, सेमीकंडक्टर निर्माण का सेट अप भी काफी महंगा पड़ता है। यहां तक कि एक जानकारी के अनुसार एक सेमीकंडक्टर निर्माण इकाई (या फैब) की लागत अपेक्षाकृत छोटे पैमाने पर भी स्थापित करने में इसकी लागत अरबों डॉलर की हो सकती है और यह तकनीक के संदर्भ में एक या दो पीढ़ी पीछे की भी हो सकती है। जानकारी देना चाहूंगा कि वर्ष 2021 में भारत ने देश में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिये लगभग 10 बिलियन डॉलर की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना की घोषणा की थी और वर्तमान में भारत की तरफ से दुनियाभर की चिप मैन्?युफैक्?चरिंग कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत की ओर से इस आमंत्रण पर चीन खिसियानी बिल्ली की तरह खम्भा नोंच रहा है क्यों कि चीन को भारत का सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में आगे बढ़ना रास नहीं आ रहा है। यह ठीक है कि चीन स्वयं सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में किंग की भूमिका में रहा है लेकिन भारत अब चीन समेत दुनिया के सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में महारथ हासिल देशों को टक्कर देने जा रहा है। चीन ने भारत के सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में प्रगति को लेकर भारत को'विदेशी निवेश की कब्रगाह' तक करार दे दिया है।

चीन की मीडिया का कहना है कि अमेरिका के समर्थन के बावजूद भारत का रास्?ता कठिन है। बहरहाल, चीन जो भी सोचे और समझें लेकिन वर्ष

2014 में राष्ट्रों की वैश्विक लीग में 10 वें स्थान पर रहने वाला भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और भारत आज हरेक क्षेत्र में लगातार प्रगति के नये सोपानों को छू रहा है। आज कोई भी क्षेत्र हो, हर क्षेत्र को सेमीकंडक्टर की जरूरत है। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को बढ़ावा देना, प्रोत्साहन देना बहुत जरूरी है, क्यों कि आज हम कम्प्यूटर, संचार क्रांति व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हसीन युग में सांस ले रहे हैं जो कि मानवता को बहुत सी सहूलियतें प्रदान करने जा रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान तीन प्रमुख सेमीकंडक्टर समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पहला माइक्रोन प्रौद्योगिकी, दूसरा अनुप्रयुक्त सामग्री, सबसे जटिल उपकरण जो सेमीकंडक्टर निर्माण में प्रयोग किया जाता है, उसका निर्माण भी भारत में करने से सबंधित है। तीसरा लैम रिसर्च से हुआ समझौता है, यह अपने सेमीवर्स प्लेटफॉर्म पर 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगा। आज लैपटॉप से लेकर फिटनेस बैंड तक और महीन कंप्यूटिंग मशीन से लेकर मिसाइल तक में आज एक ही चीज धड़क रही है और यह सेमीकंडक्टर या माइक्रोचिप ही है। आज डेटा का युग है और डेटा बिना सबकुछ अधूरा ही है। जिसके पास आज डेटा वह दुनिया का सबसे ताकतवर देश है और डेटा, कम्प्यूटर, लैपटॉप, इंटरनेट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एंड्रॉयड स्मार्टफोन (मोबाइल) कहीं न कहीं सेमीकंडक्टर पर ही आधारित हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि कोविड महामारी के उफान के दिनों में जब इन सेमीकंडक्टर्स या माइक्रोचिप्स की सप्लाई धीमी हो गई थी तो दुनिया भर के लगभग सैकड़ों बड़े उद्योगों में हड़कंप मच गया था। यहां तक कि बहुत सी दिग्गज और बड़ी कंपनियों को भी अरबों डॉलरों का नुकसान उठाना पड़ा था। पाठकों को जानकारी प्राप्त करके हैरानी होगी कि चीन, अमेरिका और ताइवान जैसे माइक्रोचिप्स के सबसे बड़े निर्यातक देशों की कंपनियों को भी प्रोडक्शन रोकना पड़ा था। बहरहाल, भारत के लिए सेमीकंडक्टर अब एक हसीन पल है। यह हम सभी को गौरवान्वित करता है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री मोदी ने सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के निवेशकों को आमंत्रित करते हुए यह बात कही है कि, भारत में 2026 तक 80 अरब डॉलर के सेमीकंडक्टर की खपत होने लगेगी और 2030 तक ये आंकड़ा 110 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। उम्मीद करते हैं जल्द ही भारत भी चीन, अमेरिका, ताइवान, जापान और दक्षिणी कोरिया जैसे देशों,जो कि सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन में बहुत आगे हैं,को पछाड़कर सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में सिरमौर बन जाएगा।

(आर्टिकल का उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं है।)

-सुनील कुमार महला

फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने रचा था लूट का षड्यंत्र

तीन साथियों के साथ हिरासत में, 2.75 लाख बरामद

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। डेलची लिम्बादित रोड पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी के साथ हुई लूट की वारदात का पर्दाफाश शुक्रवार को माकड़ोन थाना पुलिस द्वारा कर दिया गया। वारदात का षड्यंत्रकारी कंपनी का ही कर्मचारी होना सामने आया है उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर लूट को अंजाम दिया था। चारों को गिरफ्तार कर पुलिस ने लूट की राशि सहित 2.75 लाख रुपए का माल बरामद किए हैं। जिसमें लूट के दौरान प्रयुक्त की गई बाइक की कीमत भी शामिल है।

माकड़ोन थाना प्रभारी अशोक शर्मा ने बताया कि 6 जून की शाम स्पंदना स्फूर्ति फायनेंस कंपनी तराना के लोन ऑफिसर विष्णु के साथ डेलची लिम्बादित रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने डेढ़ लाख रुपए से भरा बैग लूटने की वारदात को अंजाम दे दिया था। लोन ऑफिसर विष्णु निवासी तुकोगंज राजगढ़ ने मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की थी प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध नजर आ रहा था बावजूद इसके 7 जुलाई को अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई। शुरू से ही लूट में लोन ऑफिसर विष्णु के शामिल होने की शंका बनी हुई थी। जिस पर नजर रखना शुरू किया गया पुख्ता जानकारी मिलने पर उसे हिरासत में लेकर सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की गई जिसमें वह टूट गया और खुद ने रुपयों की जरूरत होने पर अपने तीन तीन साथियों के साथ मिलकर लूट को अंजाम देना कबूल कर लिया उसने ही षड्यंत्र रचा था। पुलिस टीम ने उसके तराना स्थित ग्राम बागोदा में रहने वाले साथियों लाडसिंह, इंदर सिंह और लखन गुर्जर को हिरासत में लेने के बाद लूट की राशि एक लाख पांच हजार रुपए नगद, डेढ़ लाख कीमत की दो बाइक कोर 2 एंड्राइड मोबाइल बरामद कर लिए। चारों आरोपियों से बरामद नगद और बाइक सहित मोबाइल की कीमत 2.75 लाख रुपए होना सामने आई है। चारों को न्यायालय में पेश किया गया था जहां से जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सायबर सेल प्रभारी प्रतीक यादव, प्रधान आरक्षक प्रेम, आरक्षक राजपाल, माकड़ोन थाना एस आई अजय कुमार माथुर, एएसआई शांतिलाल राजपूत, भागीरथ शर्मा, आरक्षक राममूर्ति, कृपाशंकर, कुंदनसिंह, साकेत शर्मा, अर्चित शर्मा, ललित राठौर, महिला आरक्षक युक्ता सूर्यवंशी, सैनिक अभिषेक, भंवरसिंह, विजय शर्मा की मुख्य भूमिका रही।

उज्जैन आबकारी विभाग से अधिकारियों का तबादला

नवागत जिला आबकारी अधिकारी सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। वाणिज्यिक कर विभाग ने प्रदेश के 5 जिला आबाकारी अधिकारी और 11 सहायक जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले कर दिए। इसमें उज्जैन के जिला आबकारी अधिकारी का भी तबादला हो गया है। नवागत अधिकारी सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार तबादलों का दौर जारी है। इसी क्रम मे वाणिज्यिक कर विभाग ने गुरूवार को उज्जैन आबकारी विभाग में बड़ा फैर बदल कर दिया। जारी किए गए आदेश के तहत उज्जैन के साथ ही मध्यप्रदेश के जिला आबकारी और सहायक जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं।

अब खटीक होंगे नए जिला आबकारी अधिकारी...

मध्यप्रदेश सरकार के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी किए गए तबादला आदेश की सूची में 7 वें नंबर पर डॉ. अंशुमन सिंह चंढार, जिला आबकारी अधिकारी उज्जैन का नाम है। डॉ, चंढार को राज्य शासन ने उज्जैन से हटाकर बैतूल भेजा है। जबकि बैतूल के जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक को उज्जैन का प्रभार सौपा गया हैं। इसके अलावा बुरहानपुर से सहायक जिला आबकारी अधिकारी एससी चौधरी को प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी संभागीय उड़नदस्ता उज्जैन में भेजा गया। आबकारी विभाग के आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक नवागत जिला आबकारी अधिकारी विनोद खटीक सोमवार को पदभार ग्रहण करेंगे।

डेढ़ दर्जन अधिकारियों के तबादले...

मध्यप्रदेश वाणिज्यिक कर विभाग के उप सचिव आरपी श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से विभाग ने गुरूवार दो तबादला सूची जारी की। एक सूची में 2 सहायक आबकारी आयुक्त और 5 जिला आबकारी अधिकारियों के नाम हैं। जिन्हें इधर से उधर किया गया है वहीं दूसरी सूची में 11 सहायक जिला आबकारी अधिकारियों के नाम है जिनके तबादले किये हैं।

सार समाचार

शहर एडिशनल एसपी की कमान संभालेंगे नितेश भार्गव

ग्रामीण एएसपी का प्रभार जयंतसिंह राठौर को

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस विभाग में फेरबदल की प्रक्रिया राज्य शासन द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को शहर और ग्रामीण के नवागत एडिशनल एसपी ने बाबा महाकाल की नगरी पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला है। विगत सोमवार को शहर एडिशनल एसपी की कमान संभाल रहे डॉ इंद्रजीत बाकरवाल का धार और ग्रामीण की कमान संभाल रहे आकाश भूरिया का स्थानांतरण देवास हो गया था। उनके स्थान पर इंदौर में महिला सुरक्षा एएसपी नितेश भार्गव और सहायक पुलिस आयुक्त, खजराना नगरीय पुलिस का कार्यभार संभाल रहे जयंतसिंह राठौर को उज्जैन भेजा गया था। शुक्रवार को दोनों अधिकारियों ने अपनी आमद दी और पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचकर कार्यभार संभाला। नितेश भार्गव को शहर एएसपी की कमान सौंपी गई है। वही जयंत सिंह राठौर को ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कार्यभार मिला है। नितेश भार्गव पूर्व में सीएसपी के रूप में बाबा महाकाल की नगरी में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उज्जैन से स्थानांतरित हुए आकाश भूरिया और डॉ. इंद्रजीत बकलवार को पुलिस विभाग द्वारा नवीन पदस्थापना के लिए विदाई दी गई है।

विद्यार्थियों को बताया, साइबर फॉड से कैसे बचें

अभियान अभिमन्यु के तहत पुलिस अधिकारियों ने दी बच्चों को जानकारियां

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। शुक्रवार को थाना कोतवाली क्षेत्र में आने वाले कालीदास मांटेसरी स्कूल में अभियान अभिमन्यु के तहत पुलिस अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को साइबर अपराध तथा इससे बचने के बारे में जानकारी दी और यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को पुलिस अधिकारियों ने सोशल मीडिया,बैंक फ्रॉड, भेदभाव,दहेज प्रथा,यातायात नियमों के संबंध में विस्तार से बताया तथा इस तरह की धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे अभियान अभिमन्यु के तहत शुक्रवार को थाना कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कालीदास माउन्टेनसरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में स्टूडेंट्स को सायबर अपराध महिला संबंधी घटित होने वाले अपराधों व सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों से अवगत कराया गया। साथ ही सोशल मीडिया,फाइनेंशियल क्राइम के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही साथ सेल्फ सिक्योरिटी बरतने जैसे स्वयं का प्रोफाइल लॉक करने, किसी अज्ञात व्यक्ति की रिक्वेस्ट स्वीकार नहीं करने के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा अभिमन्यु अभियान के अन्तर्गत समानता,भेदभाव, दहेज प्रथा आदि के बारे में बताया गया । पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चों को यातायात संबंधित नियमों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल मनोसी व सेक्रेटरी यशवंत जैन, थाना प्रभारी कोतवाली नरेंद्र सिंह परिहार, उनि नेहा जादौन, सउनि चंद्रभान चौहान, महिला आरक्षक आशा बरवे एवं राज्य सायबर सेल से हरिंद्र पाल सिंह उपस्थित रहे।

स्वस्थ युवा देश की सशक्त मिसाल - उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। नगर पालिक निगम के सहयोग से तरणताल परिसर में संचालित स्वस्थ संसार व्यायाम केंद्र पर आधुनिक व्यायाम केंद्र के रूप स्थानांतरित किया गया है। नवीन साज सज्जा एवं आधुनिक व्यायाम उपकरणों से युक्त महिला/पुरुष व्यायाम केंद्र स्वस्थ संसार जिम का शुभारंभ उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। अध्यक्षता महापौर श्री मुकेश टटवाल ने की। विशेष अतिथि विधायक श्री पारस जैन, सभापति श्रीमती कलावती यादव, पूर्व अध्यक्ष श्री प्रकाश चित्तोड़ा, श्री इकबाल सिंह गाँधी, प्रकाश शर्मा, श्री रामेश्वर दुबे, पार्षद श्री शिवेंद्र तिवारी, सर्वश्री अतिन तिवारी, समीर व्यास, अर्जुन पंडित, मेहबूब खान उपस्थित थे। इस अवसर डॉ.मोहन यादव ने कहा कि स्वस्थ युवा देश की सशक्त मिसाल हैं। पहलवान वह नहीं जो दूसरों को पछाडे दे। पहलवान तो वह जो अपने गुस्से को पछाड़ दे। उन्होंने अच्छे कार्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के बाद उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव एवं विधायक श्री पारस जैन ने आधुनिक मशीनों पर व्यायाम किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों ने फीता खोलकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर जिम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने मलखंब के राष्ट्रीय खिलाडी श्री इंद्रजीत नागर का एकलव्य अवार्ड के चयन होने पर विशिष्ट खेल से उनका अभिनंदन किया गया। अतिथि स्वागत प्रेम सिंह यादव, गजेंद्र मेहता, जितेंद्र सिंह कुशवाह, अमित कनोजिया, राजेश भारती द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन सुश्री तनु दुबे ने दिया। कार्यक्रम के सूत्रधार शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके थे। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में उज्जैन की अपनी विशिष्ट पहचान है। निगम द्वारा शीघ्र आधुनिक स्वीमिंग पुल की सौगात शहर को प्रदान की जाएगी। अतिथि स्वागत जिम की महिला सदस्य स्नेहा असरानी, हेमा व्यास, प्रियंका सोलकी, नेहा यादव, पूनम जैन, साक्षी सांखला, अलका शर्मा, कृति शर्मा, श्वेता कुरेल ने किया। जिम निर्माण में सहयोग कर्ता अनिल चावंड, हरीश तुराय, हिमांशु धनोतिया, अर्थ वर्मा, नितिन मरमट, वीरेंद्र चौधरी, शिवम भाटिया का सम्मान अतिथि द्वारा किया गया।

भैरवगढ़ जेल में प्रहरी कर रहे थे कैदियों को तंबाकू की सप्लाई

सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद जेलर ने किया दोनों प्रहरियों को सस्पेंड

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। केंद्रीय भैरवगढ़ जेल से एक बार फिर नशीले पदार्थों की सप्लाई का मामला सामने आया है। जिसमें इस बार भी नशे का कारोबार करने वाले जेल के प्रहरी ही निकले हैं। भैरवगढ़ जेल में चैकिंग के दौरान कैदियों के बैरक से तंबाकू के पैकेट मिले हैं। जेल अधीक्षक ने मामले में 2 प्रहरियों को सस्पेंड किया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में पूर्व में भी प्रहरियों के पास तंबाकू और मादक पदार्थ मिलना सामने आ चुका है, जो बंदियों तक पहुंचाने का काम कर रहे थे। इसके बाद एक बार फिर 3 जुलाई गुरुवार को जेल अधीक्षक मनोज साहू द्वारा जेल में चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्हे 2 बैरक में बंदियों के पास से तंबाकू के पैकेट मिले। जेल में तंबाकू के पैकेट पहुंचने का पता लगाने के लिये जेलर द्वारा सीसीटीवी कैमरे देखे गये। जिसमें सामने आया कि रात में जेल प्रहरी परमवीरसिंह और गोविंद परमार की ड्युटी थी। दोनों ने रात में बाहर से तंबाकू के पैकेट किसी व्यक्ति से जेल के अंदर फिकवाए थे। जिसके बाद दोनों उन्हें बैरक तक पहुंचाए है। चैकिंग में करीब 100 पुडिया तंबाकू की मिली है। इसके बाद जेल अधीक्षक श्री साहू ने दोनों प्रहरियों को तुरंत सस्पेंड कर दिया।

पहले टोपी और मोजे में ले जाते पकड़ाये थे जेल कर्मी....

भैरवगढ़ जेल कर्मियों द्वारा जेल के अंदर मादक और नशीले पदार्थ पहुंचाने का यह पहला मामला नहीं है।कुछ माह पूर्व भी एक प्रहरी को मोजे और टोपी में छुपाकर तंबाकू के पैकेट जेल में ले जाते पकड़ा गया था, उसके साथ 2 अन्य जेल कर्मियों की भूमिका भी संदिग्ध होना सामने आई थी। इससे पहले भी जेल में प्रहरी मादक पदार्थ, तंबाकू और मोबाइल में बंदियों तक पहुंचते सामने आ चुके है। जिनके खिलाफ कार्रवाई के साथ विभागीय जांच अब भी चल रही है। इसके अलावा कैदियों को पहुंचाए जाने वाले सामान में भी इस तरह के खेल जेल कर्मियों द्वारा किए जाते रहे हैं।

नदी में छलांग लगाने के 33 घंटे बाद मिला युवक का शव

बुधवार की रात नरसिंह घाट पर बने पुल से कूदा था नदी में, परिजनों को हत्या की आशंका

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। बुधवार रात नृसिंह घाट के पुल से नदी में छलांग लगाने वाला युवक 33 घंटे बाद शुक्रवार सुबह 7 बजे के लगभग सुनहरी घाट के बड़े पुल के नीचे स्टाप डेम में फंसा मिला। पुलिस और होमगार्ड जवानों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की।

पानी के तेज बहाव के कारण नृसिंह घाट से बहते हुए वो बड़े पुल तक पहुंच गया था। जबकि गुरुवार को दिनभर उसकी खोजबीन रामघाट की छोटी रपट तक की जा रही थी। उसकी जेब से पुलिस ने मोबाइल फोन और बाइक की चाबी बरामद की है। युवक ने आत्महत्या क्यों की इसके कारणों की जाच की जा रही है। मृतक की बहनों ने षड्यंत्र पूर्वक भाई की हत्या करने का कुछ लोगों पर आरोप भी लगाया है। पुलिस ने बताया शुक्रवार सुबह 7 बजे यश पिता श्याम सुंदर सिसौदिया का शव सुनहरी घाट स्थित बडे पुल के नीचे से बरामद किया है। उसकी जेब से मोबाइल और बाइक की चाबी जब्त की है।पंचनामे के बाद पोस्टमॉर्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया ।

पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया प्रेम त्रिकोण में यश द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आ रही हैं। इस पूरे मामले में यश की बहनों ने आरोप लगाया है कि भाई ने आत्महत्या नहीं की षड्यंत्र पूर्वक उसकी हत्या की गई है। यश की बहनों ने पुलिस को बताया कि यश वेदनगर की जिस लड़की से बात करता था। वो यश से पहले वेदनगर के रहने वाले यश के दोस्त सौरभ से बात करती थी। सौरभ से संबंध खत्म कर उसकी नजदीकियां यश से बढ़ गई थी। सौरभ और यश दोनों पुराने दोस्त हैं लेकिन इसी लड़की को लेकर दोनों बीच मनमुटाव हो गया था। कुछ समय से वेदनगर की लड़की वापस सौरभ के संपर्क में आ गई और बातचीत शुरू कर दी। इस बारे में यश को पता चला तो दोनों बीच विवाद हुआ। मृत्यु से आधे घंटे पहले यश की सौरभ से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद उसने फोन बंद कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार यश ने बुधवार रात लगभग 10 बजे नदी में छलांग लगाई थी। इसके करीब आधे घंटे पहले दोस्त सौरभ से उसकी बातचीत हुई थी। सौरभ ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों से उसके दोस्त यश और वेदनगर की लड़की दोनों से उसकी बातचीत बंद थी। कुछ दिनों पहले ही वापस बात करना शुरू किया था। घटना वाले दिन यश से फोन पर बात हुई और हम बैठकर बातचीत करने वाले थे। उसने बताया कि रात को उससे फोन पर बात होने के बाद उक्त लड़की का फोन आया और उसने कहा कि यश को देख लो वो नदी की तरफ गया है कहीं कुछ कर ना ले। इस बारे में जीवाजी गंज थाना टीआई गगन बादल ने बताया कि शिप्रा नदी से युवक का शव मिला है। प्रकरण दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।

2.31 हेक्टर भूमि पर तैयार होगी 600 वाहनों की पार्किंग

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। करीब 2 साल पहले जिला प्रशासन ने हरी फाटक ओवर ब्रिज के समीप मन्नत गार्डन की सरकारी जमीन से अवैध कब्जे हटाए थे और 2.31 हेक्टेयर जमीन को कब्जे में लिया था। यहां अब नगर निगम द्वारा मेघदूत वन तैयार कराया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों वाहनों के लिए पार्किंग भी बनाई जाएगी।

शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल ने किया स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के साथ उक्त स्थल का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा हरी फाटक ब्रिज के नीचे स्थित मन्नत गार्डन की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद नगर निगम को हस्तांतरित की गई है।

नगर निगम द्वारा उक्त 2.31 हेक्टर जमीन पर मेघदूत वन विकसित किया जा रहा है जिसमें सैकड़ों वाहनों के लिए पार्किंग बनाई जाएगी।

दुकानें ,रेस्टोरेंट और पाथवे भी....

तैयार हो रहे मेघदूत वन में 28 दुकानें, एक रेस्टोरेंट के अलावा 2.5 मीटर का

पाथवे,बैठने के लिए बेंचेस,लाइटिंग के पोल भी रहेंगे।

11.36 करोड़ की है लागत...

उक्त कार्य का स्थल निरीक्षण शुक्रवार को महापौर तथा अधिकारियों ने किया।

अधिकारियों के अनुसार महाकालेश्वर मंदिर एवं महाकाल लोक में श्रद्धालुओं की प्रतिदिन बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए वाहनों की पार्किंग का निर्माण स्मार्ट सिटी द्वारा 11.36 करोड़ की लागत से किया जाएगा।

बाइक से लेकर कार और बसें हो सकेंगे पार्क..

स्थल निरीक्षण के दौरान महापौर मुकेश टटवाल को संबंधित कंसल्टेंट द्वारा पार्किंग स्थल का नक्शा बताते हुए कार्य योजना से अवगत कराया एवं बताया कि पार्किंग स्थल पर लगभग 600 गाड़ियां पार्क की जा सकेगी। जिसमें 500 फोर व्हीलर,10 बसें,150 बाइक,12 ई रिक्शा पार्क की जा सकती है। पार्किंग स्थल को मेघदूत वन के नाम से जाना जाएगा।

यह सुविधाएं भी रखी जाए...

महापौर द्वारा निरीक्षण करते हुए संबंधित कंसलटेंट को निर्देशित किया कि पार्किंग स्थल पर शौचालय की भी व्यवस्था रहे साथ ही यहां आवश्यकता के अनुरूप फ्रेश रूम का भी निर्माण किया जाएगा। श्री महाकाल लोक परियोजना द्वितीय चरण अंतर्गत यहां पार्किंग बनाए जाने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं मिलेगी जिससे वे अपने वाहन यहां सुव्यवस्थित रूप से पार्क कर सकेंगे। उक्त कार्य जल्द ही पूर्ण किए जाने हेतु सीमा दी गई है। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी के सीईओ आशीष पाठक, शिवेंद्र तिवारी, पार्षद रामेश्वर दुबे एवं स्मार्ट सिटी कंपनी के अधिकारी मौजूद थे।

चरक भवन में मनाया गया स्तनपान सप्ताह

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दीपक पिप्पल ने बताया कि प्रतिवर्ष एक अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इसी अवसर पर गुरूवार 3 अगस्त को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय चरक भवन में स्तनपान सप्ताह मनाया गया। डॉ.आयुषी चौहान एवं पोषण सलाहकार श्रीमती सोनल ठाकुर द्वारा उपस्थित महिलाओं को शिशु को स्तनपान कराने संबंधी फायदे बताये गये। महिलाओं को बताया कि जन्म के तुरन्त बाद स्तनपान करना चाहिए, जो बच्चे को बीमारियों से लड़ने मे सहायता करता है। मां का प्रथम दूध अमृत के समान है। प्रसव होने पर एक घंटे के भीतर बच्चे को स्तनपान अवश्य करवायें। साथ ही अपने परिचित एवं संबंधियों तक इस संदेश को पहुंचायें। प्रथम छह माह तक केवल मां का दूध ही बच्चे के लिये पर्याप्त है।

जोधा कुंडल में एक ही कमरे में पहली से पांचवी तक स्कूल संचालित, क्या ऐसे मजबूत होगी जावद की शिक्षा ?- कांग्रेस नेता प्रकाश जैन राका

सिंगोली। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड। जावद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता प्रकाश जैन राका जनसंपर्क के दौरान ग्राम पंचायत ताल पहुंचे ग्राम पंचायत ताल अंतर्गत ग्राम जोधा कुंडल में जब उन्होंने देखा एक ही कमरे में पहली से पांचवी तक के बच्चों को एक साथ बिठाया गया है और इनके लिए अन्य कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है जब इस संबंध में उन्होंने बच्चों एवं उनके परिजनों से चर्चा की तब उन्हें स्थिति की भयावहता का परिचय प्राप्त हुआ 7 श्री राका ने प्रदेश की बीजेपी सरकार पर आरोप लगाया की सरकार शिक्षा को लेकर भले ही कितने बड़े-बड़े दावे करें लेकिन धरातल पर सरकार के सभी दावों की पोल खुल रही है 7आज हमारे शिक्षक ऐसे माहौल में भी पढ़ाने

को तैयार है जहां कहीं पर जर्जर भवन है, तो कहीं पर भवन ही नहीं और हमारे किसान भाई, आम आदमी जिनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ रहे हैं इस मौजूदा शिक्षा नीति से प्रदेश की बीजेपी सरकार उन अभिभावकों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही हैं , भला एक ही कक्ष में जरा सोचिए पहली से पांचवी तक की शिक्षा कैसे संचालित होती होगी इसमें कोई दो राय नहीं कि इस प्रकार के माहौल में बच्चों की शिक्षा स्तर के गुणवत्ता में जरूर कमी आई हुई होगी, विद्यालय के शिक्षक करें भी तो क्या वह खुद प्रशासन के आगे बेबस दिखाई दे रहे हैं 7 श्री राका ने बताया कि वह जल्दी ही उच्च शिक्षा अधिकारियों से भेंट करेंगे और उन्हें स्थिति से अवगत कराएंगे जोधा कुंडल विद्यालय द्वारा प्रस्ताव बनाकर शीर्ष अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा दिया गया था उसके बावजूद बारिश के सीजन मैं भी एक ही कक्ष में पहली से पांचवी तक की शिक्षा को संचालित करने के लिए शिक्षक गण भी मजबूर हैं जा विधानसभा क्षेत्र वासियों एवं आने वाले नौनिहालों के साथ प्रदेश की बीजेपी सरकार जो विज्ञापनों पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है मगर धरातल पर बच्चों की शिक्षा को लेकर सजग नहीं है ऐसी सरकार जावद विधानसभा वासियों को नहीं चाहिए जो जनता की भावनाओं के अनुरूप नहीं हो, सरकार की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य करें।

रमजानखेड़ी बैराज सह पुलिया के बनने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव लोकार्पण कार्यक्रम में हुए शामिल

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। जल संसाधन एवं लोक स्वास्य् यांत्रिकी विभाग द्वारा उज्जैन दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रमजानखेड़ी के समीप बैराज सह पुलिया आदि के लोकार्पण एवं भूमि पूजन कार्यक्रम केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्रसिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य तथा जल संसाधन, मछुआ कल्याण तथा मत्स् विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव, इन्दौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री शंकर लालवानी के विशेष आतिथ्य में चंद्रावतीगंज में सम्पन्न हुआ। केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का काम ही जनता की सेवा कर उनके क्षेत्र का विकास करना है। हमारा देश समग्र रूप से सबको साथ लेकर चल रहा है। उन्होंने भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की उपस्थित जन-समुदाय को जानकारी दी।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि पांच करोड़ 17 लाख रुपये से अधिक की लागत से रमजानखेड़ी (बडौदपंथ) बैराज सह पुलिया के बन जाने से क्षेत्रवासियों को सिंचाई, पेयजल के साथ-साथ आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही आसपास के किसानों के लगभग 300 से अधिक हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव ने कहा कि खान नदी का गन्दा पानी साफ हो, इसके लिये ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि उज्जैन जिले की उज्जैन तहसील अन्तर्गत मुख्यालय से 35 किलो मीटर की दूरी पर ग्राम रमजानखेड़ी के निकट जल संसाधन विभाग द्वारा गंभीर नदी पर बैराज कम काजवे परियोजना का निर्माण किया गया है। बैराज निर्माण से उज्जैन तहसील के ग्राम रमजानखेड़ी एवं इन्दौर जिला एवं सांवेर तहसील के ग्राम बड़ोदियापंथ के किसान सिंचाई कर सकेंगे। योजना की जलभराव क्षमता 0.87 मिलीयन घनमीटर है।

उल्लेखनीय है कि रमजानखेड़ी बैराज कम काजवे योजना अन्तर्गत 54.67 मीटर लम्बाई के बैराज एवं 64.20 मीटर लम्बाई की सीसी एप्रोच रोड का प्रावधान दोनों किनारों पर किया गया है। बैराज की अधिकतम ऊंचाई 5 मीटर तथा टॉप पर 6 मीटर चौड़ाई से सीसी रोड का निर्माण किया गया है। योजना अन्तर्गत आठ नग गेट 1.80 मीटर×3.50 मीटर के लगाये गये हैं। रमजानखेड़ी बैराज कम काजवे योजना का निर्माण मेसर्स गोपी कांस्टेक प्रा.लि.नईदिल्ली द्वारा टर्न की पद्धति के अन्तर्गत किया गया है।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार विकास की नई गाथा लिख रही है। जिधर देखो उधर करोड़ों के विकास कार्य हुए हैं और निरन्तर विकास के कार्य चल रहे हैं। जल प्रबंधन में प्रदेश में कई काम हुए हैं और लगातार किये जा रहे हैं। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव के द्वारा अवगत कराया कि खान नदी का गन्दा पानी का ट्रीटमेंट प्लांट की कार्य योजना बनाई जाये। इस पर उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में 600 करोड़ रुपये की योजना बनकर तैयार है। इस अवसर पर उज्जैन जिला पंचायत सदस्य श्री शोभाराम मालवीय, श्री रवि वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारम्भ में अतिथियों ने उज्जैन सहित सांवेर विधानसभा क्षेत्र के आठ निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं छह कार्यों का भूमिपूजन विधिवत किया।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा)